* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 125

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## चंपाई कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों की दी मंजूरी

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली पर मुहर

- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की थी घोषणा
- सहियाओं को मिलेगा स्मार्ट फोन, 114 करोड़ होंगे खर्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने लोगों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव समेत कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बता दें कि पद ग्रहण करते ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य के लोगों को एक सौ की जगह 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की थी। इससे राज्य के लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इसके अलावा झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के अनुरूप बिहार के मोतिहारी, गया और दरभंगा के 186 टीचर और कर्मी की सेवा नौ दिसंबर 1986 से नियमित करने और 11 जून 2016 से वास्तविक आर्थिक लाभ देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी।



कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया की बोकारो में इंटरनेशनल विश्वविद्यालय स्थापना की स्वीकृति दी गयी। इससे संबंधित विधेयक को कैबिनेट ने मंजूरी दी। इसे विधानसभा के बजट सत्र में पारित कराया जायेगा। पलामू राजकीय पॉलिटेक्निक के स्थापना के लिए 131 पद सृजित करने की मंजूरी दी गयी। वहीं, झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 संशोधन की मंजूरी दी गयी। राज्य की सहियाओं को स्मार्ट फोन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस पर 114 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- गिरिडीह के बगोदर सरिया अनुमंडल न्यायालय के लिए तीन न्यायिक पद की मंजूरी
- चाइबासा न्याय मंडल में चक्रधरपुर न्यायालय में छह पदों की मंजूरी
- बीआइटी मेसरा के साथ साल 2017 में हुए करार की अवधि में विस्तार को मंजूरी
- झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली में संशोधन
- देवघर पुलिस लाइन में छह बैरक के लिए 42 करोड़ की मंजूरी
- झारखंड न्यायिक सेवा के कर्मियों को भत्ते को मंजूरी
- नये झारखंड भवन के लिए 24 पदों की मंजूरी
- पलामू राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 131 पदों की स्वीकृति
- मझिआंव नगर पर्षद के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 75 लाख रुपये स्वीकृत
- झारखंड वलनरेबल विटनेस को प्रोटेक्शन देने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- पीडीएस दुकानों को चार जी पॉस मशीन देने की स्वीकृति
- गिरिडीह और जमशेदपुर में नये डेयरी प्लांट और होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट के लिए 320 करोड़ रुपये खर्च की मंजूरी

## जेएसएससी-सीजीएल प्रश्न पत्र लीक पर विपक्ष का हंगामा

# एसआइटी जांच कर रही है नतीजा सामने आयेगा: चंपाई

- विपक्ष ने सदन के अंदर-बाहर सीबीआइ जांच की मांग रखी
- मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवाल का दिया जवाब
- हंगामे के बीच 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

सुनील कुमार सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र हंगामे के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन विपक्षी दल भाजपा ने अपना तेवर दिखा दिया। झारखंड झारखंड लोक सेवा आयोग के कॉमन ग्रेजुएट लेवल परीक्षा 2023 (जेएसएससी-सीजीएल 2023) के पेपर लीक के मुद्दे पर भाजपा के सदस्यों ने सदन के अंदर और बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की। इस हंगामे के बीच वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4,981 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। उधर, सदन के बाहर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कहा कि इस मामले एसआइटी जांच कर रही है, जल्द नतीजा सामने आयेगा। वहीं भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह प्रयोजित भ्रष्टाचार का मामला है।

**विपक्ष ने सरकार को घेरा, तो सत्ता पक्ष ने किया बचाव:** विधानसभा का बजट सत्र सुबह 11 बजे शुरू हुआ। इससे पहले भाजपा सदस्यों ने सदन के बाहर जेएसएससी-सीजीएल के पेपर लीक के मामले को लेकर प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने अंदर में भी इस मुद्दे को उठाया। विपक्ष के विधायक वेल में पहुंच गये और सीबीआइ जांच की मांग करने लगे। प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। छात्र सड़क पर उतर गये हैं। जेएसएससी-सीजीएल 2023 के प्रश्न पत्र लाखों रुपये में बिके हैं। सरकार को इसकी सीबीआइ से जांच करानी चाहिए। वहीं, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सिर्फ झारखंड में ही प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ है। अब तक 43 प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में बुलडोजर बाबा के राज में उत्तर प्रदेश में पुलिस बहाली की परीक्षा का भी प्रश्न पत्र लीक हुआ था। इसके बाद सदन में विपक्ष का हंगामा और बढ़ गया।

**शोक प्रकाश के बाद कार्यवाही स्थगित:** शोर-शराबे के बीच अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने पिछले सत्र से वर्तमान सत्र तक के दौरान जितने लोगों का निधन हुआ है, उनको श्रद्धांजलि देने के लिए प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद सदन शांत हुआ और सभी नेताओं ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। शोक प्रकाश के बाद फिर से विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट पेश किया। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



फोटो:प्रदीप ठाकुर

### यह सिर्फ झारखंड की समस्या नहीं: सीएम



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जब सदन की कार्यवाही के बाद सदन के बाहर निकले तो मीडिया ने उनसे विपक्ष के हंगामे को लेकर सवाल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले की एसआइटी जांच कर रही है। नतीजा सामने आयेगा। उन्हें भरोसा रखना होगा। इसके अलावा यह सिर्फ झारखंड की समस्या नहीं है, यह हर राज्य में होता है।

### प्रायोजित भ्रष्टाचार का मामला: बाबूलाल



सदन के बाहर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्चा लीक राज्य सरकार के प्रायोजित भ्रष्टाचार का मामला है। सरकार द्वारा गठित एसआइटी इसकी लीपापोती करने का एक उपकरण है। अगर वे वास्तव में एसआइटी बनाना चाहते थे, तो उन्हें कुछ अच्छे अधिकारियों को शामिल करना चाहिए था। यही वजह है कि हम सीबीआइ जांच की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज रील्स

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता मनोहर जोशी का 86 की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी को बुधवार को हार्ट अटैक आया था। तब से वे आइसीयू में भर्ती थे। मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान में उनका अंतिम संस्कार हुआ। मनोहर जोशी 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। वे शिवसेना (तब अविभाजित) से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। जोशी 2002 से 2004 तक वाजपेयी सरकार में लोकसभा के स्पीकर थे। वे 2006 से 2012 तक राज्यसभा सांसद भी रहे।

### हरियाणा में किसानों-पुलिस में फिर टकराव

अंबाला। हरियाणा के हिसार में पुलिस और किसानों के बीच टकराव हो गया। किसान खनौरी बॉर्डर पर पंजाब के किसानों के पास जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने रोक लिया। जिसके बाद लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। यह देख किसानों ने पथराव कर दिया। इस झड़प में 24 पुलिसकर्मी और 16 किसान घायल हो गये।

### कांग्रेस ने एजेंसी के गलत इस्तेमाल का लगाया आरोप

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने चंदा वसूलने के लिए इडी-सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया है। इसलिए मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को लगभग 335 करोड़ रुपये का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। पूरा देश जानता है कि सरकार जांच एजेंसियों को रिमोट कंट्रोल से चला रही है। 2014 के बाद से राजनेताओं के खिलाफ इडी के मामलों में चार गुना बढ़ोतरी इस बात का सबूत है। इनमें से 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं।

### अभिनेता आमिर खान ने सुहानी को दी श्रद्धांजलि

फरीदाबाद। फिल्म अभिनेता आमीर खान शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर-17 ?स्थित सुहानी भटनागर के घर पहुंचे। उन्होंने सुहानी भटनागर की आत्मा की शांति की दुआ की और परिवार को सांत्वना दी। बता दें कि फिल्म अमिर खान की फिल्म दंगल में बबीता का रोल एक्ट्रेस सुहानी भटनागर ने अदा की थी। 19 साल की सुहानी का 16 फरवरी को निधन हो गया था।

## प्रधानमंत्री ने काशी में राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा

# जो होश में नहीं है, वह यूपी के बच्चों को कह रहा नशेड़ी

- अमूल डेयरी प्लांट सहित 13 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कुछ लोगों ने मोदी को गाली देते-देते पूरा एक दशक बिता दिया है। राहुल गांधी का बिना नाम लेते हुए पीएम मोदी बोले, जिनके होश ठिकाने नहीं हैं, वह यूपी और काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। उन्हें नहीं पता है कि यूपी का नौजवान नशेड़ी नहीं, वह तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन द्वारा यूपी के नौजवानों का काम कोई नहीं भूलेगा। परिवारवाद युवा हमेशा परिवारवादी युवा शक्ति से डरते हैं। सामान्य युवा को अवसर मिला, तो वह हर जगह चुनौती देगी। इनको वही लोग पसंद आते हैं, जो इनकी दिन-रात जय-जयकार करते हैं। इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण है, इन्हें काशी का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है।



प्रधानमंत्री शुक्रवार को वाराणसी दौरे पर हैं। इससे पहले उन्होंने अमूल डेयरी प्लांट सहित 13 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को हरी झंडी दिखायी। प्रधानमंत्री ने सुबह बीएचयू में सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के टॉपरों को सर्टिफिकेट बांटे। उनके साथ तस्वीरें लीं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग अयोध्या के श्रीराम मंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातें कर रहे हैं। मैं नहीं जानता था कि प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है कांग्रेस को। कांग्रेस के साथ सपा के गठबंधन पर नरेंद्र मोदी ने जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि ये लोग हर चुनाव में साथ आते हैं, परिणाम के बाद एक-दूसरे को गाली देते हुए अलग हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इ बनारस हा, यहां सब गुरु हा, यहां इंडी गठबंधन का पैंतरा न चली। बनारस नहीं पूरे यूपी को पता है, कि माल वही है, पैकिंग नयी। इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। अबकी बार मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी मतलब हर लाभार्थी को शत-प्रतिशत लाभ। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में यूपी में भी सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय किया है। यानी इस बार यूपी शत-प्रतिशत सीटें एनडीए के नाम करने वाला है।

### हेमंत की याचिका पर हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हेमंत सोरेन की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई, जिसके बाद न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने सुनवाई की अगली तारीख 26 फरवरी सोमवार को निर्धारित कर दी। बता दें कि प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद हेमंत सोरेन हाइकोर्ट पहुंचे। हेमंत सोरेन ने विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी है। हेमंत सोरेन अभी इडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति इडी की विशेष अदालत से मिली थी।

## भारत-इंग्लैड के बीच चौथे टेस्ट का पहला दिन

# रूट की शतकीय पारी, आकाशदीप ने झटके तीन विकेट

- खेल समाप्त होने तक इंग्लैड ने सात विकेट पर 302 रन बनाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट रांची में शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैड ने सात विकेट खोकर 302 रन बनाये। इंग्लैड के बल्लेबाज जो रूट ने शतकीय पारी खेली। वह 107 रन बना कर नाबाद हैं। वहीं, भारत की ओर से डेब्यू कर रहे आकाशदीप ने धारदार गेंदबादी की। उन्होंने तीन विकेट लिये।

इंग्लेड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की ओर से सबसे पहले जैक क्रॉली और बेन डकेट बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। जैक ने 42 गेंदों में 42 रन की बढ़िया पारी खेली। बेन डकेट 11 रन बनाकर आउट हो गये। तीसरे नंबर पर आये ओली पॉप शून्य पर ही आउट हो गये। जो रूट ने चौथे नंबर पर आकर शतकीय पारी खेली। रूट के अलावा इस मैच में जॉनी बेयरस्टो के बल्ले से 38 रन निकले। बेन फोक्स ने भी 47 रन की पारी खेली। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर जो रूट 106 और ओलिवर राबिंसन 31 रन पर खेल रहे थे।



रांची टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया। उनकी जगह आकाश दीप को टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। आकाश दीप ने पहले ही मैच में जैक क्रॉली, बेन डकेट और ओली पॉप का विकेट लिया। वहीं, मोहम्मद सिराज ने दो, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया। कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल ने भी गेंदबाजी की। लेकिन उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# चतरा संसदीय क्षेत्र में इस बार 'स्थानीय सांसद' का ही शोर

## ■ 62 साल बीतने के बावजूद 'बाहरी आवाज' पर निर्भर है यह क्षेत्र

## ■ गरीबी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के सहारे इस बार नहीं गलेगी दाल

## ■ कभी नक्सलियों का गढ़ रहे चतरा को अब भी है विकास की आस

चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। इस संसदीय क्षेत्र में चतरा, लातेहार और पलामू जिले के विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। 1952 में देश के लिए हुए पहले लोकसभा निर्वाचन में यह सीट अस्तित्व में नहीं थी। 1957 में यहां सांसद चुनने के लिए पहली बार मतदान हुआ। यह क्षेत्र वनीय संपदा से भरा हुआ है। यहां औषधीय पौधों, केंदू के पत्तों, बांस, साल, सागौन, और जड़ी-बूटियां पायी जाती हैं। जिले में जंगली जीवों के संरक्षण के लिए लावालौंग वाइल्ड लाइफ अभयारण्य भी बनाया गया है, जो यहां बाघों की मेजबानी करता है। चतरा संसदीय क्षेत्र का भूगोल और इतिहास चौंकाने वाला है। यह संसदीय सीट शायद देश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां आज तक कोई स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं चुना गया, यानी यहां का कोई भी सांसद इस संसदीय क्षेत्र का मतदाता नहीं रहा है। चतरा कभी पूरी दुनिया में चर्चित हुआ था, क्योंकि नक्सलियों ने इसे पहला 'लिबरेटेड जोन' (स्वतंत्र क्षेत्र) घोषित किया था। बिहार के गया से सटे होने के कारण चतरा कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था, लेकिन अब यहां आम तौर पर शांति है। गरीबी और पिछड़ेपन के अलावा पलायन जैसे मुद्दे यहां भी हैं, लेकिन इस बार चारों तरफ 'स्थानीय सांसद' का ही शोर सुनाई दे रहा है। इसलिए राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ गयी है। चतरा संसदीय क्षेत्र का क्या है राजनीतिक माहौल और क्या हो सकते हैं चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड का चतरा संसदीय क्षेत्र राज्य की आठ सामान्य सीटों में से एक है। बिहार के गया जिले से सटे चतरा को कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। चतरा के अलावा लातेहार और पलामू जिलों में फैला यह संसदीय क्षेत्र अपने-आप में अनोखा है। चतरा संसदीय सीट के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसे शायद कोई भी इलाका अपने नाम नहीं करना चाहेगा। यह रिकॉर्ड है कि चतरा से आज तक कोई स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं चुना गया। 1957 में यह संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया, लेकिन तब से लेकर आज तक यहां से चुना गया कोई भी सांसद यहां का वोटर नहीं रहा। वैसे तो हर चुनाव में यह मुद्दा उठता रहा है, लेकिन इस बार हर तरफ यही शोर सुनाई दे रहा है। इसलिए राजनीतिक दलों के भीतर विचार मंथन का दौर चल रहा है। हालांकि चतरा के लोगों के लिए रोजगार, शिक्षा और भूमि विवाद की समस्याएं जैसे मुद्दे भी हैं, लेकिन अधिक जोर स्थानीय सांसद को लेकर ही है।

### चतरा की भौगोलिक स्थिति

चतरा संसदीय क्षेत्र में पूरा चतरा जिला, लातेहार जिला और पलामू जिला का कुछ हिस्सा शामिल है। चतरा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया के अलावा लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र लातेहार और मनिका के अलावा पलामू जिले का पांकी विधानसभा क्षेत्र इस संसदीय क्षेत्र में आता है। पूरा चतरा लोकसभा क्षेत्र खनिज संपदा से भरपूर है, लेकिन आज तक इस लोकसभा क्षेत्र में एक भी उद्योग स्थापित नहीं हो सका है। इसके कारण यहां के बेरोजगार या मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं।

### चतरा के प्रमुख चुनावी मुद्दे

सबसे खास बात यह है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है, जहां से आज तक कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बन सका है। यानी चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद हमेशा किसी दूसरे क्षेत्र के रहनेवाले लोग रहे हैं। यहां सांसद बनने के बाद उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है और प्रतिनिधियों पर क्षेत्र से गायब रहने का आरोप लगता है। इसलिए लोग इस बार इस दाग को मिटाने के लिए आतुर दिख रहे हैं। शिक्षा के मामले में भी यह इलाका पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। इसके अलावा भूमि सर्वेक्षण में अनियमितता और भूमि विवाद इस पूरे इलाके के मुख्य मुद्दे हैं। लेकिन इन मुद्दों पर जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। यह हकीकत है कि चतरा संसदीय क्षेत्र का पूरा क्षेत्र खनिज संपदा से परिपूर्ण है, लेकिन यहां के खनिज संसाधनों का केवल दोहन ही हुआ है। यदि जन प्रतिनिधि गंभीर होते, तो यह क्षेत्र आज सबसे समृद्ध क्षेत्रों में से एक होता।




### इस बार हैं कई दावेदार

चतरा के वर्तमान सांसद सुनील सिंह भाजपा के बड़े नेता हैं। वह लगातार दो बार, यानी 2014 और 2019 में यहां से चुने जा चुके हैं। सुनील सिंह पिछला चुनाव साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट से जीते थे, लेकिन इस बार उनका खूंटा हिल रहा है। पिछले चुनाव में भी कई हिचकोले खाने के बाद वह अंतिम समय में टिकट हासिल कर पाये थे। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ता और नेता इनके खिलाफ मुखर हैं। भाजपा नेताओं का एक खेमा भी इनका खेल बिगाड़ने में लगा है। चर्चा है कि वर्तमान सांसद सुनील सिंह क्षेत्र में समय नहीं दे रहे हैं। चूंकि चतरा में भाजपा की स्थिति मजबूत है, मोदी का डंका बज रहा है, इसलिए चतरा से भाजपा के कई दावेदार हैं। भाजपा के कुछ विधायक भी अंदरखाने जुगत भिड़ा रहे हैं, लेकिन वे खुल कर कुछ नहीं बोलते। झारखंड की राजनीति में लंबे समय से स्थापित नेता गिरिनाथ सिंह के नाम की भी चर्चा हो रही है। वहीं, प्रवीण सिंह इन दिनों चतरा का दौरा कर एक नया समीकरण बनाने की कोशिश में हैं। वहीं, चंदवा से जुड़े और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी इलाके में सक्रिय हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से उम्मीदवार रहे मनोज यादव दूसरे स्थान पर थे। श्री यादव फिलहाल भाजपा के साथ हैं। उनकी इच्छा भी चुनाव लड़ने की है। भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह और डॉ अभिषेक रामादीन भी मन बना रहे हैं। हाल के दिनों में नेत्र रोग विशेषज्ञ और इलाके में प्रमुख समाजसेवी के रूप में चर्चित डॉ अभिषेक रामदीन के कई पोस्टर भी इन दिनों चतरा में देखे जा रहे हैं, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी तेजी से उभर रहा है। उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि भी रही है। स्थानीय होने के नाते सिमरिया सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उनकी पकड़ है। दूसरी ओर राजद की ओर से सत्यानंद भोक्ता सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। स्थानीय होने के नाते उनके समर्थक उत्साहित हैं। भोक्ता वर्तमान में चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री हैं। भोक्ता अब एसटी वर्ग में शामिल हुए हैं। ऐसे में उनको नयी जमीन तलाशने की मजबूरी है। इधर चतरा संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र में से तीन पर यूपीए का कब्जा है। पिछले विधानसभा चुनाव में चतरा से राजद, मनिका से कांग्रेस और लातेहार से झामुमो जीत कर आया था। वहीं पांकी और सिमरिया भाजपा के पास है। ऐसे में इस बार एनडीए और यूपीए के बीच आनेवाले लोकसभा चुनाव में मुकाबला रोमांचकारी होगा। पिछली बार की तरह मुकाबला एकतरफा शायद न हो।

### 2019 लोकसभा चुनाव का परिणाम

| नाम | पार्टी | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| सुनील सिंह | भाजपा | 528077 |
| मनोज यादव | कांग्रेस | 150206 |
| सुभाष यादव | राजद | 83425 |

### 1957 से अब तक बाहरी प्रत्याशी ही जीतते रहे

वर्ष 1957 से अब तक चतरा संसदीय क्षेत्र का सांसद बनने का सौभाग्य चतरा के स्थानीय लोगों को नहीं मिला है। कोडरमा और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से विभाजित होकर चतरा संसदीय क्षेत्र का निर्माण हुआ। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से जितने भी सांसद निर्वाचित हुए हैं, सभी चतरा जिले के बाहर के मतदाता रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1957 में पहली बार महारानी विजया राजे सांसद बनीं। उनका संबंध पदमा (रामगढ़) के राजघराने से था। वह मूलतः हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की मतदाता थीं। वह लगातार तीन बार चतरा से सांसद बनीं। वर्ष 1971 के चुनाव में शंकरदयाल सिंह चतरा के सांसद निर्वाचित हुए। वे अविभाजित बिहार के औरंगाबाद जिले के थे। वर्ष 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा सांसद चुने गये। श्री वर्मा बिहार के जहानाबाद के रहनेवाले थे। इसके बाद 1980 में गया निवासी रंजीत सिंह चतरा के सांसद बने। वर्ष 1984 में धनबाद के योगेश्वर प्रसाद योगेश चतरा से सांसद निर्वाचित हुए। लगातार दो बार 1989 और 1991 में चतरा के लिए निर्वाचित सांसद उपेंद्रनाथ वर्मा का संबंध गया के मानपुर से था। इनके बाद धीरेंद्र अग्रवाल को वर्ष 1996 और वर्ष 1998 में लगातार दो बार चतरा के लिए सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह भी गया के निवासी थे। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1999 में संसद सदस्य बनने वाले नागमणि मूलतः जहानाबाद जिले के निवासी हैं। वर्ष 2004 में एक बार फिर धीरेंद्र अग्रवाल को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 के संसदीय आम चुनाव में चतरा के मतदाताओं ने इतिहास रचते हुए झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी को मौका दिया। श्री नामधारी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। भाजपा ने उनका समर्थन किया था। श्री नामधारी का संबंध पलामू के डालटनगंज से है। इसके बाद 2014 में बक्सर और रांची से ताल्लुक रखने वाले सुनील कुमार सिंह ने चतरा के मार्फत लोकसभा में प्रवेश किया। 2019 में भी वह सांसद चुने गये। इस प्रकार चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करनेवाले सांसद चतरा के मतदाता नहीं रहे। बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा और चतरा के निवासी यह बर्दाश्त करते रहे। अब इंतजार है 2024 के संसदीय चुनाव का। देखना है चतरा के मतदाता इस बार क्या गुल खिलाते हैं।

---

साहिबगंज : नींबू पहाड़ अवैध खनन मामला

# हाइकोर्ट ने हटायी रोक सीबीआइ जांच होगी

**राज्य सरकार की अपील खारिज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जिले के नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले में सीबीआइ की जांच पर लगी रोक हाइकोर्ट ने हटा दी है। दरअसल, नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की जांच सीबीआइ कर रही थी। इस संबंध में सीबीआइ ने कांड संख्या 06-23 दर्ज किया है। राज्य सरकार ने सीबीआइ जांच के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने 19 जनवरी को सीबीआइ जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने बहस की। सीबीआइ की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कुमार ने बहस की। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई।

# प्रेम प्रकाश की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## जमीन की अवैध खरीद-बिक्री में संलिप्तता पायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित



कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इडी ने मामले में इसीआइआर 5-2023 दर्ज किया है। इडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था।

इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गयी थी। इस मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पायी गयी है।

# मूलवासी सदानों का जुटान 27 फरवरी को: राजेंद्र प्रसाद

**गुमला और संथाल में होगी विशाल रैली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा 27 फरवरी को आयोजित अधिकार मार्च में राज्य भर से हजारों की संख्या में मूलवासी सदान रांची पहुंचेंगे। यह अधिकार मार्च अपने लक्ष्यों को साधने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह मार्च मूलवासी सदानों की ताकत और एकता का प्रदर्शन दिखायेगा। राजनीतिक दलों को कड़ा संदेश देगा कि वह अब सदान समुदाय की मांगों को नजर अंदाज नहीं कर सकते हैं। इस अधिकार मार्च का आगामी चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। मार्च मूलवासी सदान के लिए अपनी आवाज उठाने और अपने हिस्सेदारी मांगने का माध्यम होगा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में शुक्रवार को दी। होटल गंगा आश्रम में कहा कि मूलवासी सदानों की विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ने 27 फरवरी को मोरहाबादी गांधी प्रतिमा से राजभवन तक अधिकार मार्च निकलने का निर्णय लिया है।

मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस अधिकार मार्च के बाद गुमला और संथाल परगना में एक विशाल मार्च रैली का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद अक्टूबर में मोरहाबादी रांची में लाखों संख्या की एक बड़ी रैली होगी। इस रैली में हम तय करेंगे कि मूलवासी सदान किस दल को सरकार की बागडोर सौंपेंगे। प्रसाद ने कहा झारखंड गठन के करीब 23 वर्ष हो गये फिर भी झारखंडियों का सपना पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों के शहादत को भुलाया नहीं जा सकता है, लेकिन राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों की घोर उपेक्षा हुई है। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर प्रो अमर गोप, महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह, हरिश कुमार, प्रो अरविंद, पिंटू दास आदि उपस्थित थे।

# निर्वाचन आयोग की सख्ती से पुलिस मुख्यालय सक्रिय

## तीन साल से जमे अधिकारियों की मांगी रिपोर्ट

**ट्रांसफर के बावजूद पुलिस अधिकारी नहीं दे रहे योगदान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निर्वाचन आयोग की सख्ती के बाद पुलिस मुख्यालय सक्रिय हो गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न जिला, इकाई में तीन वर्ष या इससे अधिक समय से पदस्थापित इंस्पेक्टर, परिचारी प्रवर, परिचारी, एसआइ कोटि के स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब विरमित कर पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने को कहा गया है। साथ ही यदि कोई पदाधिकारी भौतिक रूप से योगदान नहीं देते हैं, तो उनकी सूची भी शनिवार तक उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि ऐसे पुलिस पदाधिकारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके। डीआइजी कार्मिक ने शुक्रवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। एसएसपी रांची, जमशेदपुर, धनबाद, सभी जिलों के एसपी सहित पुलिस विभाग के अन्य विंग के एसपी को पत्र भेजा गया है। बता दें कि स्थानांतरित किये जाने के बावजूद जिला स्तर से कई पदाधिकारियों को नव पदस्थापित कार्यालय के लिए उन्हें विरमित नहीं किया गया है। विरमित किये जाने के बावजूद पदाधिकारियों द्वारा नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं किया गया है।




### 26 को निर्वाचन आयोग को देनी है रिपोर्ट

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बीते गुरुवार को भेजे गये पत्र के अनुसार लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अपने गृह जिला अथवा पदस्थापन स्थान में विगत चार वर्षों में तीन वर्ष पूरा करनेवाले पदाधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त सूचना, प्रतिवेदन के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि संबंधित विभाग के स्तर से निर्गत विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा स्थानांतरित किये जाने के बावजूद जिला स्तर से कई पदाधिकारियों को नव पदस्थापित कार्यालय के लिए उन्हें विरमित नहीं किया गया है। विरमित किये जाने के बावजूद पदाधिकारियों द्वारा अभी तक नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान समर्पित नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में निर्वाचन से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आगामी लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग को भेजने की अंतिम तिथि 26 फरवरी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 14.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.48 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



## मुख्यमंत्री ने यंग इंडिया रैली का किया समर्थन

# छात्रों-नौजवानों की लड़ाई के साथ हैं : चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 28 फरवरी को आयोजित यंग इंडिया रैली को समर्थन किया है। साथ ही कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र-युवाओं का मुद्दा उनकी पार्टी का प्रमुख एजेंडा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को बचाने के लिए छात्र-नौजवानों को आगे आना जरूरी है। हम छात्र-नौजवानों की लड़ाई के साथ हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, छुटूराम महतो ने मुलाकात की और यंग इंडिया रैली के लिए समर्थन मांगा। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र-युवाओं के एजेंडे पर इसके लिए यंग इंडिया चार्टर 2024 सौंपा।

# भाजयुमो ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर भाजयुमो के आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, महामंत्री रूपेश कुमार सिन्हा, मंत्री पूजा सिंह, मंत्री पवन पासवान, कार्यालय मंत्री संजय महतो, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह शामिल थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — नौकरी में उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,आर्थिक लाभ,मान-सम्मान की वृद्धि होगी।
- **वृष** — लाभ के एकाधिक अवसर प्राप्त होंगे। सामयिक कार्यों में श्रमानुकूल सफलता मिलेगी।
- **मिथुन** — नौकरी-पेशा से जुड़े लोगों को उच्चाधिकारियों का समर्थन मिलेगा,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **कर्क** — दैनन्दिन जीवन की नियमितता बनाये रखें, समस्याओं के समाधान के मार्ग प्रशस्त होगा।
- **सिंह** — कर्मशक्ति का विकास, शत्रुविजय, शैक्षणिक सफलता मिलेगी। राजनीतिक व्यक्तियों का प्रभाव बढ़ेगा।
- **कन्या** — आर्थिक दृष्टि से समय अनुकूल चल रहा है, परिश्रम से इच्छित सफलता मिल सकती है।
- **तुला** — परेशानियों से मुक्ति मिलेगी, अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों लम्बित हड़े थे।
- **वृश्चिक** — रोजगार-व्यापार सभी क्षेत्रों में सफलता के अवसर मिलेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।
- **धनु** — विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे।
- **मकर** — नवीन व्यापारिक योजना सफल होगी। नये लोगों से सम्पर्क होगा। घर मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा।
- **कुंभ** — विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में प्रयासों के अनुरूप ही सफलता मिलेगी।
- **मीन** — भौतिक सुख-साधनों की वृद्धि होगी, नौकरी में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग

# सीएम चंपाई के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

**डॉ लंबोदर सीएम से मिले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने यह मांग मुख्यमंत्री से मिलकर की। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि बेरमो अनुमंडल राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है और यहां के लोगों की लंबे समय से यह मांग रही है कि इसे जिला बनाया जाये। पिछले 80 दिनों से जिला बनाने की मांग को लेकर सैकड़ों लोग आंदोलनरत हैं। गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि इस अनुमंडल की आबादी 15 लाख से ज्यादा है। इस अनुमंडल में सात प्रखंड, 14 थाना, चार ओपी और व्यवहार न्यायालय भी है, जो जिला बनने के सभी मानक को पूरा करता है। मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय बेरमो जिला बनाओ समिति द्वारा लिया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्च पदाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन को आंदोलन स्थल पर प्रतिनिधि भेजकर धरना खत्म कराने को कहा गया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में कामेश्वर मिश्र, वकील प्रसाद महतो, सह संयोजक कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी, मुकेश कुमार शामिल थे।

# भ्रष्टाचार और अराजकता राज्य सरकार की उपलब्धि: सुदेश

## टीएमसी प्रदेश उपाध्यक्ष जोवा रानी समेत कइयों ने थामा आजसू का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि सरकार ने राज्य की शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को भी चौपट कर दिया है। राज्य में फैला भ्रष्टाचार और अराजकता इनकी उपलब्धि है। इनके द्वारा बनायी गयी योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं। युवा जो इस राज्य के भाग्यविधाता हैं, उन्हें सरकार की गलत नीति और नीयत के चलते अपना भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। सुदेश महतो रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में शुक्रवार को बोल रहे थे। केंद्रीय महासचिव अजय सिंह के नेतृत्व में टीएमसी प्रदेश उपाध्यक्ष जोवा रानी पाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सुदेश महतो ने कहा कि राज्य के हर जिला, प्रखंड, हर वर्ग, समुदाय से जुड़े लोग आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं। यह आजसू के प्रति राज्यवासियों के बढ़ते विश्वास और उम्मीद का प्रतीक है। हम सभी को मिलकर राज्यवासियों की उम्मीदों को खरा उतरना है और राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव के लिए मार्ग को प्रशस्त करना है। जोवा रानी पाल ने कहा कि झारखंड की जनता के उत्थान के लिए कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। राज्य को यह नेतृत्व आजसू पार्टी और सुदेश महतो ही दे सकते हैं।

**इन्होंने ली सदस्यता**

सुमित डे, संजीव वर्मा, विक्रम शर्मा, अनंत पाल, राजेश मंडल, जयदेव मंडल, मिथुन मंडल समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जामताड़ा जिला अध्यक्ष राजेश महतो, दुमका जिला अध्यक्ष सुजीत मुर्मू उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल ने एमपी-एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ याचिका दायर की थी। याचिका खारिज होने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा।

# भवन निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता की बहाली जल्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भवन निर्माण विभाग विभाग में जल्द ही मुख्य अभियंता की नियुक्ति होगी। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग के डिवीजन में भी इंजीनियरों की पोस्टिंग की जायेगी। पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण सीइ के पद के लिए सेवा जल्द ही भवन निर्माण विभाग को देगा। इसकी तैयारी चल रही है। वरीय मुख्य अभियंता स्तर के इंजीनियर को ही भवन निर्माण विभाग भेजा जायेगा। बता दें कि विगत 31 जनवरी से यह पद रिक्त है। इससे विभाग में टेंडर निष्पादन में दिक्कत हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार की सहमति के बाद वहां जल्द ही सीइ की पोस्टिंग की जायेगी।

## सरला बिरला स्कूल का गणितीय ओलंपियाड में परचम

# आदित्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एसओएफ अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 2 के अभ्युदित आदित्य ने स्कूल स्तर पर प्रथम रैंक के साथ-साथ जोनल-रीजनल स्तर पर भी प्रथम रैंक हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें स्वर्ण पदक, विशिष्ट पदक और उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाणपत्र के साथ 1000 रुपये का उपहार मिला। प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल, रिजनिंग, गणितीकरण, विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और आवश्यक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। समय प्रबंधन के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई। कक्षा एक के अवनीश श्रीवास्तव को विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाणपत्र के साथ विशिष्टता पदक और 500 रुपये का उपहार मिला। नौ छात्रों को विशिष्टता पदक, विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाणपत्र प्राप्त हुए। 48 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। विद्यालय के कार्मिक-प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धि की सराहना की।

# नीट यूजी के लिए 9 मार्च तक करें आवेदन

## 5 मई को 554 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नीट यूजी 2024 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। आवेदन की अंतिम तिथि 9 मार्च है। आवेदन के लिए जेनरल अभ्यर्थी को 1700 रुपये, ओबीसी को 1600 रुपये, एससी-एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थी को 1000 रुपये परीक्षा शुल्क देना होगा। यूजी नीट 2024 की परीक्षा 5 मई को पेपर पेन मोड पर होगी। परीक्षा देशभर के 554 केंद्र पर होगी।

**टाइ ब्रेकिंग का नये रूल्स जारी :** एनटीए ने इस बार टाइ ब्रेकिंग के नये रूल्स जारी किये है। इसमें विषयों में अंक और परसेंटाइल की स्थितियों में कंप्यूटराइज्ड लॉटरी से मेरिट-रैंक का निर्धारण होगा।

एनटीए ने नीट यूजी के संबंध में टाइ ब्रेकिंग के नये रूल्स जारी किये हैं। इसके तहत दो अथवा इससे अधिक अभ्यर्थियों के एक समान अंक, परसेंटाइल होने की स्थिति में मेरिट के आधार पर रैंक दिया जायेगा।

**इसे ऐसे समझें**

नीट यूजी में पहले यह नियम था कि जिस विद्यार्थी की उम्र अधिक होती थी। उसकी मेरिट ऊपर रहती थी। अब बदलाव किया गया है।

# झामुमो का दामन कल थामेंगे कार्यकर्ता

## 'हेमंत ने भाजपा के आगे घुटने नहीं टेके'

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आदिवासी सेना और झापा एनोस के कार्यकर्ता 25 फरवरी को झामुमो का दामन थामेंगे। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम चंपाई सोरेन की उपस्थिति में रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला के नेता-कार्यकर्ता सदस्यता ग्रहण करेंगे। आदिवासी सेवा के महासचिव अलबिन लकड़ा, सचिव विकास तिर्की और झारखंड पार्टी की केंद्रीय प्रवक्ता अंशु लकड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में शुक्रवार को उक्त जानकारी दी।

झापा की प्रवक्ता अंशु लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन एक ऐसे युवा नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अपनी कुर्सी की बलि देना उचित समझा, लेकिन भाजपा के आगे घुटने नहीं टेके।

झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग आगामी चुनाव में इसका जवाब देंगे।

**भाजपा ने सबसे अधिक शासन किया**

आदिवासी सेना के अरविंद लकड़ा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आंदोलन और सैकड़ों लोगों की शहादत के बाद झारखंड राज्य का गठन हुआ। राज्य गठन के बाद भाजपा ने यहां सबसे अधिक शासन किया। इस दौरान झारखंड में आदिवासी-मूलवासी का हक और अधिकार छीना गया है। जमीन को लूटा गया और खनिज संपदा का सौदा किया गया।

**हेमंत के साथ हैं कार्यकर्ता :** विकास तिर्की ने कहा कि झारखंड को असली पहचान झारखंड मुक्ति मोर्चा ही दिलवा सकती है। इसका बीड़ा हेमंत सोरेन ने उठाया है। इस मौके पर अमरनाथ लकड़ा, योगेश भगत, बच्चन उरांव सहित कई युवा उपस्थित रहे।

**सांसद संजय सेठ की पहल लायेगी रंग**

# जुमार नदी के किनारे 7.5 करोड़ की लागत से बनेगा शवदाह गृह

- चार भवन, विद्युत शवदाह सहित अंतिम संस्कार की होगी व्यवस्था
- छठव्रतियों की सुविधाओं का भी रखा जायेगा ध्यान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जुमार नदी के तट पर बननेवाले रांची के सबसे बड़े शवदाह गृह को लेकर सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को स्थल और श्मशान घाट का निरीक्षण किया। सांसद संजय सेठ की पहल पर जुमार नदी के श्मशान घाट पर 7.5 करोड़ की लागत से रांची के सबसे बड़े शवदाह गृह का निर्माण होना है, जहां विद्युत चालित शवदाह की व्यवस्था भी होगी। यह अत्याधुनिक शवदाह गृह होगा, जहां लोग पारंपरिक रीति-रिवाज से भी और विद्युत के माध्यम से भी अंतिम संस्कार कर सकेंगे। उपरोक्त स्थल पर सबसे बड़े शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव सांसद संजय सेठ ने ही दिया था। इस स्थल पर रिम्स के लावारिस शवों का भी अंतिम संस्कार किया जाता है। ऐसे शवों की संख्या भी दर्जनों में होती है। ऐसी स्थिति में शवदाह गृह के निर्माण से यह कार्य भी सुगमता पूर्वक हो सकेगा। सांसद श्री सेठ ने बताया कि उपरोक्त स्थल पर चार भवन भी बनेंगे। इसके अलावे अन्य कई सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। इस नदी में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग छठ व्रत भी करते हैं, इसलिए इस बात का भी ध्यान रखा जायेगा कि छठव्रतियों को कोई समस्या नहीं हो। उनके लिए भी सुविधा मुहैया करायी जा सके।

**स्थानीय लोगों के संग मंत्रणा जल्द**

स्थानीय लोगों और छठ पूजा समिति सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बहुत जल्द बैठक होगी। इसके बाद इसके निर्माण को लेकर शिलान्यास कार्य किया जायेगा। सांसद श्री सेठ ने बताया कि बढ़ती आबादी को देखते हुए बड़े शवदाह गृह का निर्माण भी आवश्यक कार्य है।

# जनतंत्र मोर्चा का सम्मेलन जमशेदपुर में 10 मार्च को

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को एजी मोड़ डोरंडा में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए उच्चस्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही 10 मार्च को जमशेदपुर में प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन करने, 9 मार्च के पहले प्रत्येक जिलों में जिला पदाधिकारियों और वरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन करने पर सहमति बनी। इसके तहत दो केंद्रीय पदाधिकारियों की समिति का गठन किया गया। एक टीम का नेतृत्व धर्मेंद्र तिवारी, दूसरी टीम का नेतृत्व पीएन सिंह करेंगे। जिलेवार प्रमुख मुद्दों और जनहित की समस्याओं पर विशेष फोकस कर चिह्नित करने और निदान के लिए सूचीबद्ध कर समीक्षा करने की बात कही गयी। तय हुआ कि पूर्व और वतार्मान सरकारों के कामकाज और क्रियाकलापों पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा स्वेत पत्र जारी करेगा।

## सांसद दीपक प्रकाश ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन

# गांव में भी हो शहर वाली सुविधा: दीपक प्रकाश

**2047 में भारत दुनिया का आर्थिक महाशक्ति बनेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने खिजरी विधानसभा के अंतर्गत डुंगरी पंचायत में पीसीसी पथ का उद्घाटन शुक्रवार को किया। वीएमआइटी कॉलेज से लेकर नंदकिशोर सिंह के घर, धुर्वा बस स्टैंड से से राम सिंह के घर तक सांसद निधि से निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया।

मौके पर श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा का मानना है कि अब गांव में भी शहर जैसी सुविधा हो। लोगों को आवागमन में किसी प्रकार का असुविधा न हो। इसे ध्यान में रखते हुए इस पीसीसी पथ का निर्माण किया गया है। पहले बरसात में इस सड़क पर पानी जमा हो जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। अब उन समस्याओं से लोगों को निजात मिलेगी। श्री प्रकाश ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया। योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार की उपलब्धियों के आधार पर फिर से मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। कहा कि 2047 में भारत दुनिया का आर्थिक महाशक्ति बने, इस उद्देश्य के साथ मोदी सरकार कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता सूरज शाहदेव, पंकज शाहदेव, उमेश यादव, वीना मिश्रा, राजू नायक, रणजीत शाहदेव, शंकर महतो, योगेंद्र सिन्हा, नंदकिशोर सिंह, मनीष सिंह, काली प्रजापति, शिवनारायण कुमार, बबलू शाहदेव, पिंकू शाहदेव समेत अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा में भाकपा जिला परिषद की बैठक




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक कामरेड विरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में हुई। बैठक में भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसे सबों ने सर्वसम्मत से पास किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि किसान आंदोलन को जबरन कमजोर किया जा रहा है। दुनिया का इतिहास है कि आवाज को दबाने के बाद आंदोलन और तेज होता है। किसान आंदोलन और तेज होगा। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश को आपातकाल में झोंककर नरेंद्र मोदी और अमित शाह इत्मीनान से भकोस रहे हैं। ट्विटर को मुंह बंद रखने, बोलने वालों पर ईडी, सीबीआई छोड़ने का हुक्म देकर शानदार लंच तो बनता ही है। बैठक को पुरुषोत्तम यादव, धनंजय यादव, देव पांडे, विनोद पासवान, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कउम उदिन, काली सिंह, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में रंजीत भारती, सुखदेव पांडे, रामचंद्र शर्मा, प्रसाद यादव, बसमतिया देवी, बलवा देवी, संतोष शर्मा, हरि पासवान आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन हरि पासवान ने किया।

## समाजसेवी अर्जुन दास के निधन पर शोक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम गोहाल निवासी रविदास समाज के अध्यक्ष अर्जुन दास का आकस्मिक निधन लंबे बीमारी के बाद हो गया। इस घटना की सूचना मिलने पर पूरे समाज में शोक की लहर दौड़ गयी। दुखद समाचार सुनकर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया बिनोद दास उनके पैतृक आवास पहुंचे, शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया बिनोद दास ने कहा कि वह रविदास समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के भी बहुत ही लोकप्रिय और प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। मौके पर पंसस प्रतिनिधि मनोज दास, समाजसेवी एजाज खान, विजय पासवान, रघुनाथ दास, राजेश दास, चंदन पासवान, अर्जुन दास, लक्ष्मण दास, प्रेमचंद दास, अजीत दास, वीरेंद्र दास, राजेश दास, चितरंजन दास, भुनेश्वर दास, नागेश्वर दास, बालेश्वर दास सहित सैकड़ो महिला-पुरुष मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। जनता दरबार में जमीन बंदोबस्ती कर किराया निर्धारित करने, जमीन विवाद, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, राशि का भुगतान करने, जमीन पर जबरन कब्जा करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव 27 को



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्टेशन रोड परसाबाद में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नेशनल पब्लिक स्कूल का 14वां वार्षिकोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 फरवरी को मनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी विद्यालय के निदेशक मोहम्मद मुस्ताक खान ने दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उद्घाटन कर्ता प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, विशिष्ट अतिथि पूर्व डीजीपी उत्तरप्रदेश महेन्द्र मोदी, सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रमुख अंजू देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ बीएनपी बर्णवाल करेंगे।

## झाड़ियों से नवजात बच्ची का शव बरामद

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत परतांगो जंगल स्थित झाड़ियों से शुक्रवार को एक नवजात बच्ची का शव फेंका हुआ बरामद किया गया है। नवजात बच्ची के शव को झाड़ियों में देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को दिया जिसके बाद डोमचांच पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि नवजात लगभग दो तीन दिन की है। बच्ची के शव को प्लास्टिक में डालकर झाड़ियां में फेंका गया था। लेकिन आसपास के कुत्तों के द्वारा प्लास्टिक खींचने से नवजात बच्ची का शव बाहर दिखने लगा था। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को दिया। प्रभारी थाना प्रभारी सुबोध कुमार पाठक ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## सिरते गौसुलवरा सईदुल हिंद कांफ्रेंस का आयोजन 26 फरवरी को

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत स्थित ग्राम महुदी में सिरते गौसुलवरा सईदुल हिंद कांफ्रेंस 26 फरवरी दिन सोमवार को इंतजामिया मोहम्मद आजाद आलम के सौजन्य से किया जायेगा। उक्त कॉन्फ्रेंस में पीरे तरीकत मोहम्मद हामिद रजा कादरी उड़ीसा, मोहम्मद इकबाल मिस्बाही रामगढ़, जेरे नाकाबत हसन रजा अतहर बोकरवी, शेरे इस्लाम अल्हाज जफर अकील हजारीबाग, जनाब अजमत रजा भागलपुरी, और दिगर उल्माए कराम व मोकामी ओलमा तशरीफ लाकर तकरीर करेंगे। इस अवसर पर ग्राम महुदी निवासी इंतजामिया मोहम्मद आजाद आलम ने क्षेत्र के तमाम लोगों से ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में शिरकत करने का अपील की है।

## अवैध बालू लदे दो हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना गेट के पास माइनिंग विभाग और बड़कागांव पुलिस के संयुक्त छापामारी में अवैध बालू लदे दो हाइवा को जब्त किया गया। इसका नेतृत्व खनन इंस्पेक्टर राहुल कुमार कर रहे थे। उनका सहयोग थाना प्रभारी मुकेश सिंह और बड़कागांव पुलिस ने किया। जब्त किये गये हाईवा जे एच 02 ए पी 24 23, जबकि दूसरा हाईवा जे एच 02 एक्स 8400 है। पहला हाईवा का चालक हजारीबाग पदमा निवासी युगल महतो का पुत्र दुलारचंद कुमार मेहता और दूसरा हाईवा का चालक हजारीबाग सिंदूर निवासी सुनील वर्मा का पुत्र सूरज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# धोखाधड़ी की शिकार महिलाएं पहुंची डीसी ऑफिस, मांगा न्याय

### इडी का समन मिलने के बाद दहशत में हैं परिवार, तीन दिन से घर में नहीं जला है चूल्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/ टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो भुइयां टोली में 12 महिलाओं को इडी द्वारा दूसरा समन भेजे जाने पर महिलाओं की रातों की नीद उड़ गयी है। सारा परिवार दहशत में है। प्रवर्तन निदेशालय ने इन महिलाओं को समन भेजकर उनसे उनके खातों में आये 3.90 करोड़ रुपये के संबंध में जानकारी मांगी है। इसके साथ-साथ इडी ने इन महिलाओं के खाते भी फ्रीज कर दिये हैं। 2 फरवरी को ही इडी ने इरपो गांव की 12 महिलाओं को समन भेजा था। सभी महिलाएं मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती हैं। जब इडी द्वारा झरपो की महिलाओ को समन भेजा गया तो उन सभी महिलाओं की रातों की नींद उड़ गयी। उन सबों को समझ नहीं आ रहा की क्या करें, यहां तक कि उन महिलाओं ने चूल्हा जलाना भी बंद कर दिया है। शुक्रवार को सभी महिलाएं हजारीबाग डीसी कार्यालय पहुंची और मामले से डीसी को अवगत कराया। बता दे कि झरपो के 21 महिला जालसाज के चक्कर में फंस गयी। इन सभी का हजारीबाग के एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक आइसीआइसीआइ बैंक में खाता अगरबती, मोमबत्ती उद्योग के नाम का झांसा देकर भराजो निवासी गुड़िया देवी पति अरुण प्रसाद ने खोलवायी। उस खाते में विदेशी पैसा लगभग 3 करोड़ 90 लाख रुपया जमा किया गया और 3.25 करोड़ निकाला गया, मगर खाता धारक को कोई जानकारी भी नहीं मिली। यह माजरा एक वर्ष से चल रहा था। जब इडी का समन आया तो सभी महिलाएं झरपो मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल और 20 सूत्री उपाध्यक्ष महेश राम से मिली। उसके बाद मामले की जानकारी टाटीझरिया थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक अनुभव भारद्वाज को दी। उन्होंने कहा की जब तक इसके तह तक नहीं जायेगे, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन जांच पड़ताल चल रही है। जहां तक इसका तार होगा उद्भेदन जल्द होगा। शुक्रवार को महिलाए हजारीबाग पहुंच उपायुक्त नैंसी सहाय को आवेदन देकर आप बीती सुनायीं। उपायुक्त नैंसी सहाय ने मामले की जांच का भरोसा दिया है।



**इन्हें मिला है इडी का समन**

उमा देवी पति भुनेश्वर भुइयां, बाली देवी पति राजेंद्र भुइयां, सरिता देवी पति भुनेश्वर भुइयां, सुनीता देवी पति काली रविदास, चमेली देवी पति महेंद्र भुइयां, कोलेश्वरि देवी पति नारायण सिंह, वीना देवी पति ज्ञानी भुइयां, नीतू देवी पति रामू भुइयां, संजू देवी पति गोवर्धन भुइया, सोनिया देवी पति प्रकाश भुइयां, हेवंती देवी पति नंदू भुइयां, सोनी देवी पति स्व टिंकु वर्णवाल शामिल हैं।

**इन महिलाओं ने डीसी से लगायी है न्याय की गुहारः** उर्मिला देवी पति कारू भुइयां, सुमित्रा देवी पति मंटू भुइयां, मुनकी देवी पति सूरज कुमार, पूनम देवी पति झुमरा भुइयां, मालो देवी पति तेतर भुइयां, ममता देवी पति श्री भुइयां सावित्री देवी पति गजेंद्र भुइयां, गीता देवी पति अमीर भुइयां और यशोदा देवी पति मनोज भुइयां ने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगायी है।

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत के ग्राम भोजपुर में एक 3 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर पीड़िता के पिता ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर की न्याय की गुहार लगाया है। मामला गुरुवार की शाम की बताई जा रही है। दिए गए आवेदन में बताया कि मेरे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी वही पड़ोस के ही एक नाबालिक 14 वर्षीय लड़का ने बहला फुसलाकर कर मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और उसे भूत का भय दिखाकर घर में किसी को नहीं कहने को बोला। उस वक्त मेरी नाबालिक बेटी डर गई जब उसका पेट दर्द करने लगा तो वह अपनी मां को सारी बात बता दी। इसके बाद रात्रि 9 बजे मरकच्चो थाना में आवेदन दिया। वहीं आवेदक के आलोक में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गुरुवार की रात हिरासत में लेकर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में कोडरमा भेज दिया।

# सरकारी योजनाओं की उपलब्धता पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** मानव विकास स्वयंसेवी संस्था द्वारा ग्राम खरियो स्थित मध्य विद्यालय में (विभिन्न सरकारी योजनाओं की उपलब्धता पर क्षमता निर्माण) विषयक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि हमारे देश और झारखंड राज्य में लगभग 170 योजनाएं देश की जनता के लिए चल रही है, सुदूर गांव वाले इस सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में एक भी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है। इन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी गांव वाले को एक एक कर हर एक योजनाओं के बारे मे बताये और सभी योजनाओं का लेने का सारी प्रक्रिया को समझाया। इन्होंने ये भी बताया कि




अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और सामान्य महिला के लिए वृद्धा पेंशन में अब बस 50 वर्ष के उम्र में ही मिलने लगी है और सभी पंचायत भवन में अभी तीन दिवसीय कैंप लगी हुई है जिसमे 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो के लिए वृद्धा पेंशन के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। चेचकपी पंचायत की पंसस सुरुजमुनी देवी ने बताया कि इस पंचायत में जिन लोगो को भी सरकारी योजना जैसे अबुवा आवास योजना, वृद्धा पेंशन और अन्य जितनी भी प्रकार की योजनाएं हैं सभी योजनाओ का लाभ दिलाने का प्रयास करूंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, मारिया दास बास्के, अंजु देवी, दुर्गा सिंह समेत अन्य लोग भी शामिल थे।

# सड़क पर पसरा कचरा, दर्जनों बाइक दुर्घटनाग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड के कटैया पंचायत के ढाब से कटैया गांव जाने वाली सड़क में इन दिनों कचरा ही कचरा बिखरा है। जिससे प्रतिदिन मोटरसाइकिल के साथ-साथ कई साइकिल चालक गिरते रहते हैं। बताया जाता है कि संवेदक की मनमानी के कारण पिच सड़क पर मिट्टी बिखेर दिया गया और उसे हटाया नहीं किया जिसके कारण सड़क दुर्घटना बढ़ गयी है। ज्ञात हो कि नल-जल योजना के तहत गांव-गांव में पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाया जा रहा है। पाइपलाइन सड़क से हटकर 5 फीट दूरी पर बिछाना है लेकिन संवेदक आनन-



फानन में सड़क से सटे हुए पाइपलाइन बचाने में लगे हुए हैं। गड्ढे के सारे मिट्टी डस्ट कचरा बीच रोड पर बिखेर दिये जिसके कारण यह समस्या बढ़ गयी है और सड़क दुर्घटना प्रतिदिन यहां हो रही है। अधिकांश लोग घायल होने के बाद बिहार राज्य के गोविंदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या ग्रामीण चिकित्सक के यहां अपना इलाज करा रहे हैं। यहां के ग्रामीण कमलेश कुमार, सुधीर कुमार, प्रमोद कुमार, मुकेश यादव, संतोष कुमार, अशोक कुमार के अलावा विमला देवी, गायत्री देवी, सोनम देवी आदि ने कहा कि सड़क दुर्घटना से घायल हो गये। यहां संवेदक की मनमानी के कारण पिच रोड पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया। मिट्टी की कटाई करने के बाद मिट्टी को सड़क पर ही डाल दी गयी है। ग्रामीणों ने अविलंब इस कार्य की जांच कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## मरकच्चो में राजद की बैठक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पपलो पंचायत के बिंघनिया मैदान में राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की एक अहम बैठक की गयी। बैठक में पार्टी के संगठन पर बृहत चर्चा की गयी। बैठक में संगठन को लेकर जिप अध्यक्ष कोडरमा सह पार्टी जिला अध्यक्ष रामधन यादव, अवधेश कुमार यादव, रघुनाथ दास, महेंद्र यादव, सरफराज नवाज खान, डॉ जावेद अख्तर, सरफुद्दीन अंसारी, पंसस गोविंद यादव, परवेज अख्तर समेत कई वक्ताओं ने पार्टी संगठन को लेकरअपने अपने विचार को रखे। राजद पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी सुभाष यादव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ की हड्डी है। आने वाले चुनाव में भाजपा को सबक सिखाना होगा। बैठक में पपलो पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सीता राम यादव, उपाध्यक्ष अल्लाउद्दीन अंसारी, सचिव रामदेव पासवान, उप सचिव इंद्रदेव यादव आदि को बनाया गया।

# शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**पूर्व विधायक ने कलशयात्रियों को माथे पर कलश देकर कलशयात्रा का किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** चलकुशा के मनैया में श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कलशयात्रियों को माथे पर कलश देकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 501 कलश यात्रियों ने अपने माथे पर कलश



लेकर उत्तरवाहिनी नदी बराकर से मंत्रोचारण के साथ कलश में जल लेकर यज्ञ मंडप पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जानकी यादव ने भव्य यज्ञ के आयोजन करने के लिए यज्ञ समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव सहित सभी सम्मानित सदस्यों और ग्रामवासियों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दिये हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्या सबिता सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पंसस प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, बाबूलाल बिहारी, जागेश्वर साव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक बर्णवाल, किशोर मोदी, सुभाष ठाकुर, अशोक ठाकुर, ब्रह्मदेव रजक, रामप्रकाश अवध्या, जागेश्वर पासवान, दीना सिंह, प्रयाग सिंह, बिरेन्द्र यादव, अशोक साव, लोकन ठाकुर, रामप्रवेश रजक, महादेव धोबी, धनेश्वर सिंह, सहित भारी संख्या में कलशयात्री उपस्थित थे।

## इचाक थाने में सात एसआइ को दी गयी विदाई




**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाने में पदस्थापित सात एसआइ को स्थानांतरण के उपरांत समारोह आयोजित कर थाने से विदाई दी गयी। थाने में पदस्थापित निवर्तमान थाना प्रभारी धनंजय सिंह, एसआई टीनू कुमार, मनोज राणा, दीपक कुमार, मिर्जा उरांव, अरविंद हेरेंज और अलिसा कुमारी को प्रशिक्षु डीएसपी सह इचाक थाना में समारोह आयोजित कर सम्मानित कर विदाई दी गयी। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रखंड के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विदाई देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार ने कहा की इन सबों का योगदान सराहनीय रहा हैं, इन सबों को थाने से जाने का दुख है। इन सबों ने अपने ड्यूटी को ईमानदारी पूर्वक निभाया है और दूसरे पदाधिकारी के लिए एक मिसाल पेश किया है। उप प्रमुख सतेंद्र कुमार और बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने भी सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर और पुष्प गुच्छ एवम अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए शुभकामना दी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर दास, पंसस बिकी धवन, महेंद्र पांडे, मुकेश मेहता, धीरू रजक, रामलखन मेहता समेत कई उपस्थित थे।

## वृद्धा पेंशन को लेकर शिविर आयोजित



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के निर्देश पर बेडोकला पंचायत में वृद्धा पेंशन को लेकर शिविर आयोजित किया गया। मुखिया रिंकी देवी ने बताया कि इस शिविर में 50 वर्ष से अधिक आयु की महिला, 50 वर्ष से अधिक आयु के एसटी और एससी पुरुष और 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूषों को वृद्धा पेंशन का लाभ मिलेगा। इस शिविर में पंचायत के बेडोकला, चांदगढ़ और केंदुआ के ग्रामीण लोग भारी संख्या में वृद्धा पेंशन को लेकर आवेदन जमा किया। मौके पर प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा से पंचायत सचिव धनेश्वर गोप, बी एफ टी दिलीप दास, पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र साव, यूसुफ अंसारी, उपमुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, बीरेंद्र शर्मा, उमेश यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक कल




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय बैठक कल 25 फरवरी को पश्चिमी पंचायत भवन में बैठक की जायेगा। उक्त आशय को लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सचिव झारखंड श्रमिक संघ संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड कमेटी का विस्तार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक किया जायेगा। ताकि झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की संगठन को मजबूत किया जा सके। सभी कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित होना अनिवार्य बताया गया है।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में तीन बच्चों को पढ़ाने के लिए हैं दो शिक्षक



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जिनगा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोयं में तीन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक नियुक्त है। एक ओर जहां प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में बच्चे अधिक है और शिक्षक की घोर कमी है वहीं इस विद्यालय मे 14 बच्चों का नामांकन है पर यहां पढ़ने के लिए सिर्फ तीन से पांच बच्चे ही आते है। पत्रकार जब शुक्रवार को विद्यालय पहुंच कर बच्चों के संबंध मे जानकारी चाही तो शिक्षक महादेव राणा पत्रकार को ही कार्यक्षेत्र की समझाने लगे और फोटो और विडिओ लेने से मना करने लगे। विद्यालय की इस दुर्दशा के बारे मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने बताया की इस विद्यालय मे मात्र 14 बच्चे नामांकित है जिनमे से बहुत ही कम बच्चे विद्यालय आते है और शिक्षक अधिक संख्या मे बच्चों की उपस्तिथि दिखाया जाता ऐसी जानकारी उन्हे भी मिली है। इस विद्यालय की जल्द ही जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना खत्म



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना 12 वें दिन शुक्रवार शाम को समाप्त हो गया। शुक्रवार को आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच वार्ता के बाद ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने शिव वाटिका में आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। समाहरणालय में डीसी मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह की उपस्थिति में ढिबरा संघ के नेताओ के बीच बिंदुवार वार्ता हुई। प्रशासन ने ढिबरा को लेकर कानूनी अड़चन सरकार के स्तर से शीघ्र ही दूर कर लेने का भरोसा दिलाया। वहीं संघ के मांगो को लेकर और कोडरमा में जीवनयापन का मुख्य साधन ढिबरा पर सकारात्मक पहल तेज करने को लेकर सरकार को पत्र लिखने का आश्वासन ढिबरा मजदूरों को दिया गया। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने कहा कि आंदोलन की जीत हुई है। ढिबरा मजदूरों की एकजुटता ढिबरा व्यवसाय का जिंदा रखने में कामयाब हुई है। संघ की प्रमुख मांगो में ढिबरा नीति को लागू करने और कोडरमा में ढिबरा खरीद-बिक्री और भंडारण को लेकर कानूनी स्तर से समाधान निकालने की थी, जिसपर प्रशासन ने सकारात्मक पहल की है। श्री घटवार ने कहा कि प्रशासन से वार्ता काफी सकारात्मक रही है, जिसके आधार पर ढिबरा मजदूरों के हित में आंदोलन को समाप्त किया गया है।

## अडानी के कार्यों का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के ग्राम गली में अडानी फाउंडेशन के द्वारा सीएसआर के तहत स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा था। जब वहां के ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। साथ ही बड़कागांव थाना प्रभारी को सूचित कर स्ट्रीट लाइट को प्रशासन के समक्ष उन्हें वापस किया गया। वहा के स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी ग्रामीण कोल खनन परियोजना आवंटन रद्द को लेकर 12 अप्रैल से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं और जब तक आवंटन रद्द न हो जाये तब तक हमारा धरना चलता रहेगा। साथ हमें किसी भी तरह कंपनी का सीएसआर फंड या किसी भी तरह का कोई डेवलपमेंट का कार्य हम गोंदलपुरा के ग्रामीणों को नहीं चाहिए।

### अनिकेत के परिजनों से मिलने पहुंचे गिरिडीह सांसद और नेता प्रतिपक्ष

# पुलिस ने मारा, मुआवजा दे प्रशासन : बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने में आत्महत्या करने वाले युवक अनिकेत उर्फ कोका के परिजनों से मिलने के लिए झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे। शुक्रवार की शाम शहर के मिलोनी क्लब स्थित आवास पर अमर बावरी ने कहा कि एक गरीब परिवार के बच्चे की हत्या पुलिस अत्याचार की वजह से हो गयी। यह सारी प्रक्रिया एक प्रोटोकॉल है, जिसको फॉलो किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक नागरिक को जो संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं, उन सभी अधिकारों को ताख पर रखकर युवक को थाने ले जाया जाता है। उसे प्रताड़ित किया जाता है और उसके परिवार वालों को यह बताने की भी कोशिश नहीं की जाति कि किस मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। इसके बाद उस युवक की मौत हो जाती है और परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया जाता। यह सारी चीजें इस बात की और इशारा कर रही है कि प्रशासन अपने कुकर्मों को छुपा रही है। रामगढ़ एसपी के ऑफिशल स्टेटमेंट पर भी उन्होंने टिप्पणी की और कहा कि एक बड़े घर का युवक होता तो पुलिस पहले वारंट जारी करती या नोटिस जारी करती। लेकिन एक गरीब परिवार का बच्चा था, इसलिए उसे होटल से उठाकर थाने ले जाया गया। उनके साथ सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, राजू चतुर्वेदी, रंजीत राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**15 लाख मिले मुआवजा और घर के लिए मिले जमीन:** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने जिला प्रशासन से 15 लाख रुपए मुआवजा अनिकेत के परिजनों को देने की मांग की है। साथी कहा है कि इस गरीब परिवार को आवास बनाने के लिए जमीन भी दिया जाना चाहिए। आज जब मैं यहां आया हूं तो इस समय भी जिले का कोई अधिकारी यहां मौजूद नहीं है। इससे पहले भी कोई अधिकारी उनके घर पर सुध लेने नहीं आया। इसका मतलब साफ है कि इस पूरे मामले पर पर्दा डाला जा रहा है।



## रामगढ़ पुलिस अनिकेत की मौत पर डाल रही पर्दा: सीपी चौधरी

अनिकेत के परिजनों से मिलने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी उसके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि रामगढ़ पुलिस अनिकेत की मौत पर पर्दा डाल रही है। अनिकेत के साथ मारपीट हुई है। उसके शरीर पर पड़े हुए निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं। जिस युवक को उसके पिता के सामने पूछताछ के लिए थाना ले जाया गया, आखिर उसने आत्महत्या क्यों की यह एक बड़ा सवाल है। ऐसा कभी भी नहीं होता है। पुलिस अपनी करतूत को छुपा रही है। सांसद ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्य सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए और पूरे मामले की उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## पुलिस ने प्रताड़ित नहीं किया, अनिकेत ने खुद लगायी फांसी: एसपी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाने के हाजत में अनिकेत उर्फ कोका की आत्महत्या के मामले पर उसके परिजन कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। इस मुद्दे पर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर पूरी स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि अनिकेत के पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी ने कहा है कि पुलिस के अत्याचार से अनिकेत की मौत हुई है। लेकिन सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। तीन दिन पूर्व चैम्बर ऑफ कॉमर्स रामगढ़ के कार्यालय में हुई चोरी की घटना से संबंधित अनुसंधान के क्रम में अनिकेत भुइयां उर्फ कोका को संदिग्ध पाते हुए रामगढ़ थाना में पूछताछ के लिए लाया गया था` 22 फरवरी को सुबह लगभग 10:20 बजे थाना प्रभारी को सूचना मिली कि मृतक द्वारा कथित रूप से कंबल के कपड़े को फाड़कर उसका फंदा बनाकर रामगढ़ थाना हाजत के अंदर बाथरूम के दरवाजे के कोने से लटककर उसमें झूल कर आत्महत्या का प्रयास किया गया है। अविलंब उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने



इलाज के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को दी गयी सूचना:** एसपी ने बताया कि इस विषय में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखित में सूचना दे दी गयी है। आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में दंडाधिकारी और विडियोग्राफर की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। इस पूरी घटना की निष्पक्ष जांच के लिए न्यायिक जांच करने के लिए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश को लिखित प्रतिवेदन भेजा गया है। इस पूरे प्रकरण में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा निदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जा रहा है।

**मामला दुर्भाग्यपूर्ण, पर पुलिस की संलिप्तता नहीं :** रामगढ़ एसपी ने कहा है कि निश्चित ही इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। परंतु इसमें पुलिस के द्वारा किसी भी तरीके के कथित अत्याचार की बात सामने नहीं आयी है। यह प्रथम द्दष्ट्या आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।

**एफएसएल की टीम ने रामगढ़ थाने के हाजत से जुटाए सैंपल:** रामगढ़ थाने के हाजत में अनिकेत के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) की टीम शुक्रवार को रामगढ़ पहुंची। टीम के सदस्यों ने थाने के हाजत से कई सैंपल जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार 21 फरवरी की रात जब अनिकेत उर्फ कोका को रामगढ़ थाने लाया गया था, तब उसे हाजत में ही रखा गया था। हजरत में उसे पुलिस के द्वारा एक कंबल दिया गया था। जिसे फाड़ कर उसने हाजत के शौचालय में ही खुद को फांसी लगाई थी। शौचालय के आसपास और हाजत में जिस स्थान पर अनिकेत रुका था, वहां से टीम को कई सबूत मिले हैं। जल्द ही फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की टीम अपनी रिपोर्ट जिला शासन को सौंप देगी।

## 36 घंटे के बाद भी नहीं उठा अनिकेत का शव, वार्ता विफल

रामगढ़। रामगढ़ थाने में अनिकेत के द्वारा फांसी लगाई जाने की घटना पर जोरदार राजनीति हो रही है। 36 घंटे के बाद भी अनिकेत का शव परिजनों ने नहीं उठाया है। इस मुद्दे को लेकर सामाजिक और राजनीतिक तौर पर लोगों का अलग-अलग बयान भी आ रहा है। हालांकि सामाजिक तौर पर एक बार शुक्रवार की शाम अनिकेत के पिता अपने कुछ लोगों के साथ रामगढ़ थाना पहुंचे। जहां अधिकारियों से उन्हें कानून की हर प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन मिला। लेकिन परिजन और सामाजिक संगठन के लोग इस मुद्दे पर पुलिस पदाधिकारी को ही दोषी ठहरने पर पड़े रहे। अंततोगत्वा प्रशासन और परिजनों की यह वार्ता विफल हो गयी। अनिकेत का शव समाचार लिखे जाने तक शवगृह में ही पड़ा हुआ है। परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता मुहावजे और अन्य सरकारी सहायता की मांग को लेकर अपने घर पर ही बैठे हुए हैं। उधर प्रशासनिक अधिकारी थाने में बैठकर परिजनों का इंतजार करते रह गये।

## चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर सीओ अमीत भगत के अध्यक्षता में शुक्रवार को अंचल कार्यालय में पतरातू में पुलिस सर्किल क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक हुई । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता शामिल थे। इस दौरान बैठक में संवेदनशील और अति संवेदनशील बुथो के चिन्हितीकरन कार्य पर गति लाने, बुथो पर बुनियादी सुविधाओं और बिजली पानी, शौचालय, रैंप की सुविधाओं को सुनिश्चित करने, शांति पूर्वक मतदान कराने आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर पतरातू बासल, भुरकुंडा, भादीनीनगर, बरकाकाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## संजीव बेदिया ने पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर किया धार्मिक अनुष्ठान



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी के द्वारा न्यायिक हिरासत में लिए जाने के कारण शुक्रवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरीमारी स्थित पहाड़ी शिव मंदिर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने वाराणसी से आये हुए आचार्यो के समक्ष सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान करवाया। वहीं संजीव बेदिया ने कहा कि यह अनुष्ठान हमारे मुख्यमंत्री व आदिवासीयों के मसीहा हेंमत सोरेन के लिए किया जा रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने हमारे मुख्यमंत्री को बेवजह फंसाने का कार्य किया है। इसी आलोक में आज मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर धार्मिक अनुष्ठान किया गया है। श्री बेदिया ने यह भी कहा कि यह अनुष्ठान सात दिनों तक चलता रहेगा। जिसमें भगवान शिव के साथ मां भगवती से कामना किया गया कि हमारे मुख्यमंत्री की रिहाई जल्द से जल्द हो, अन्यथा यह अनुष्ठान एवं रांची मोराबादी में न्याय यात्रा और धार्मिक अनुष्ठान चलता रहेगा। इस मौके पर वाराणसी से आये हुए आचार्यो में उमेश पाठक, पुरूषोत्तम मिश्रा, सूरज पांडेय, शंकर पांडेय, प्रमोद पांडेय, जेपी पांडेय के द्वारा अनुष्ठान कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर शंकर साव, उदय मेहता, रामकृपाल मालाकार का विशेष योगदान रहा।

## बासल थाना में नये प्रभारी ने दिया योगदान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना में गुरुवार की शाम नये थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान थाना परिवार ने नये थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर नये थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने कहा की बासल क्षेत्र की विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस की टीम हमेशा पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा की पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबूत कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाये रखना मेरा उद्देश्य होगा। साथ ही अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कैलाश कुमार 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं। इससे पूर्व वे देवघर और साहेबगंज जिला के कई थानों में योगदान दे चुके हैं। वहीं इससे पूर्व वे पांच वर्ष शिक्षा विभाग में भी योगदान दिये है।

## मांडू विजय क्लब को मिले वॉलीबॉल और नेट



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सागर महतो ने शुक्रवार को मांडू चट्टी पंचायत के इंद्राबाद गांव में विजय क्लब के खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल एवं नेट प्रदान किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने कहा कि विजय क्लब इंद्राबाद के खिलाड़ियों मे काफी प्रतिभ है। बस इनको सही मार्गदर्शन और खेल सामग्री उपलब्ध हो जाये तो यह सभी खिलाड़ी अपने हुनर का परचम अपने जिले व राज्य में लहरायेंगे। आगे भी इन खिलाड़ियों का मदद अपने स्तर से करता रहूंगा। इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिला सचिव मोहम्मद मिस्टर आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष शिव शंकर गंझु, प्रखंड सचिव अनुरोध सिंह, प्रखंड सचिव अखिल प्रसाद, मांडू भाग 01 मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार, मांडू डीह पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार, सांडी पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मुंडा, विजय क्लब इंदिराबाद के खिलाड़ी संतोष गंझु, बबलू विश्वास, कैलाश गंझु, रोहित कुमार, आदित्य कुमार, प्रदीप कुमार, रोशन कुमार, राजदीप कुमार, संदीप कुमार, उदय कुमार, दीपक कुमार और दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया संघ ने किया धरना प्रदर्शन




**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को 11 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड मुखिया संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व मुखिया संघ अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया। जबकि संचालन निर्मल करमाली ने किया। झारखंड सरकार से 11 सूत्री मांगों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करने, अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना को ग्राम सभा से पारित सूची को प्राथमिकता देने, मनरेगा मजदूरो का बकाया मजदूरी भुगतान 10 दिनों के अंदर करने, मनरेगा मजदूरो का काम 100 दिन से बढाकर 200 दिन करने, ग्राम सभा में सत्यापित सभी मनरेगा योजना को क्रियान्वित करने, पंचायत में क्रियाशील सरकारी संस्था जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह मुखिया के निगरानी में हो, पंचायत के विकास कार्य की योजना के शिलापट में मुखिया का नाम अंकित करने, जाति ,आवासीय, आय, जन्म, मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र पंचायत सचिवालय से 15 दिनों के अंदर निर्गत हो, ग्रीन कार्ड धारी को प्रत्येक माह अनाज मिले, खाता सुधार, प्लॉट सुधार एवं दाखिल खारिज जैसे कार्यों में भ्रष्टाचार बंद हो और पंचायती राज व्यवस्था में अफसर शाही समाप्त हो जैसी मांगे मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र को मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाडी को सौंपा है। मुखिया संघ के अनीता देवी, बैजनाथ राम, जयकुमार ओझा उर्फ (बूच बाबा) राकेश कुमार उर्फ (रॉक) खगेश्वर महतो, ललन कुमार, मदन महतो, सरोज कुमारी, रामसेवक महतो, राजेश्वर करमाली, संगीता देवी, गुड़िया देवी, विभा देवी, गीता देवी, पूजा कुमारी, सावित्री यादव, बुलबुल कुमारी, तरुण देवी, ललिता देवी सहित 36 पंचायत के मुखिया धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

## पत्रकार को धमकी देनेवाला गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** मनरेगा योजनाओं में धांधली की खबर दिखाने के बाद टीवी चैनल के पत्रकार को जान से मारने का धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी पप्पू यादव प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने पंचायत के महुगांई गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ संदीप सुमन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि विगत 18 फरवरी को टीवी चैनल के पत्रकार कुमार चंदन ने मनरेगा कार्य में बरती जा अनियमितता से संबंधित खबर अपने चैनल में प्रसारित किया था। इससे नाराज संवेदक पप्पू यादव ने पत्रकार को फोन कर जान से मारने का धमकी दिया था। इस संबंध में पत्रकार ने प्रतापपुर थाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज करने के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में प्रतापपुर थाना पुलिस की टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पप्पू यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

## नक्सलियों की साजिश विफल, पत्थर माइंस में पोस्टर चिपकाते दो समर्थक गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी उग्रवादियों की बड़ी साजिश पर पानी फेर दिया। पत्थर माइंस में पोस्टर चिपकाते दो नक्सली समर्थकों को जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दोनों नक्सली समर्थक कटिया गांव निवासी पिंटू भारती और राजगुरुवा गांव निवासी तेजू कुमार भोक्ता थाना क्षेत्र में संचालित करमाली माइंस में नक्सलियों का हस्तलिखित पोस्टर चिपका कर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने दोनों समर्थकों को धर दबोचा। गिरफ्तार नक्सली समर्थकों के पास से पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली संगठन का सात हस्तलिखित पोस्टर और दहशत फैलाने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को दहशत फैलाने की छूट नहीं मिलेगी।

## सोलर प्लेट चोरी करते युवक गिरफ्तार

**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चल्की गांव में जल मीनार से सोलर प्लेट की चोरी करते हुए ग्रामीणों ने गांव के ही एक युवक को घर दबोचा। सिमरिया पुलिस सूचना मिलते हैं रात में ही आरोपी को अपने कब्जे में कर थाना ले आई। इस बाबत पेयजल और स्वक्षता अवर प्रमंडल सिमरिया के सहायक अभियंता के शिकायत पर प्राथमिकी दर्द कर जेल भेजा गया।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और संचालन बीडीओ निखिल गौरव कमान कश्यप ने किया। इस बैठक में वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा की गयी। इसके अलावे पंचायत समिति सदस्यों ने अपने पंचायत से संबंधित समस्याएं रखीं। जिसमें अबुआ आवास में मुखिया की मनमानी करने की चर्चा करते हुए उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर से अबुआ आवास अयोग्य लोगों को मुखिया द्वारा दिये जाने का विरोध किया गया। बैठक में प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे उपप्रमुख राहुल कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार सिंह ,शालिग्राम यादव, रीता देवी, धर्मिला देवी, लखन दास, विलेश भारती, विनोद भारती, सत्येन्द्र एभारती, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सानू कुमार तथा पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए।

## कपड़ा व्यवसायी ने की आत्महत्या

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के न्यू बगीचा में कपड़ा व्यवसायी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करायी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे न्यू बगीचा निवासी 37 वर्षीय सुशील कुमार साव पिता योगेंद्र साव ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार ने उसे फंदे से उतारकर हॉप हॉस्पिटल ले गए। यहां, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने शव को लेकर थाना पहुंचे। यहां, पुलिस ने शव को सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कानूनी कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को शव सौप दिया। **एक मुश्त 4 से 5 लाख मांगे जाने से परेशान था सुशील :** मृतक सुशील के पिता योगेंद्र साव ने पत्रकारों को बताया कि सुशील के दो बेटा और एक बेटी है, जो अध्ययनरत है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा सुशील कुमार साव पिछले दो दिनों से तनाव में था। उन्होंने बताया कि जब उनका बेटा सुशील मेन रोड के अपने दुकान नहीं गया,तो इस पर उनकी बहू ने बताया कि वो काफी परेशान हैं और अब दुकान नहीं जाना चाहते है। पता चला कि तनाव का कारण एक महिला से ब्याज पर 25 हजार रुपए ब्याज में लिया है। उन्होंने रोते-बिलखते बताया कि महिला 25 हजार के ब्याज के साथ 4-5 लाख रुपए जोड़कर एक मुश्त पैसे की मांग कर रही थी। जिस कारण वह दबाव में था, और आत्महत्या कर लिया। मामले को लेकर घरवालों ने थाने में घटना को लेकर आवेदन दे दिया है।

### राजकीय मध्य विद्यालय में किचन शेड निर्माण कार्य

# संवेदक ने किया घटिया सामग्री का उपयोग

**विभागीय निष्पक्ष जांच की मांग : मुखिया गुड़िया देवी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** राजकीय मध्य विद्यालय, ओरला में डीएमएफटी फंड के तहत 10 लाख रुपए की लागत से किचन शेड का निर्माण कार्य चल रहा है। योजना के तहत इसमें तीन कमरों सहित एक बरामदे का निर्माण किया जाना है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य के दौरान भारी अनियमितता बरतने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वर्तमान में निर्माण कार्य के दौरान बनने वाले भवन का नींव का काम तेजी से चल रहा है। जिसमें संवेदक द्वारा धड़ल्ले से घटिया ईंट एवं गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। आनन- फानन में चल रहे इस घपलेबाजी को नींव में ही दबा देने का संवेदक द्वारा पुरजोर कोशिश जारी है। ताकि इन घटिया सामग्री पर किसी की नजर न पड़ सके। ऐसे में ग्रामीणों ने इसकी विभागीय जांच की मांग की है। विद्यालय परिवार के अनुसार, गत 22 फरवरी को हुए हल्की बारिश मे निर्माण कार्य के दौरान एक हिस्सा का डीवीसी



गिर गया था। जिसे मिस्त्री के द्वारा अगले दिन जैसे तैसे सुधारने का प्रयास किया गया।

**किचन शेड निर्माण कार्य पर जताया असंतोष : नेहरुलाल:** इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक नेहरू लाल से पूछे जाने पर उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर असंतोष जताया। कहा कि वास्तव में संवेदक द्वारा घटिया ईंट व गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इस निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाते हुए संवेदक के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

इस मामले में ओरला पंचायत मुखिया गुड़िया देवी से पूछे जाने पर कही की विद्यालय में किचन शेड निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा हमें इसकी सूचना नहीं दी गयी। ग्रामीणों से मिली सूचना पर निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार का पता चल रहा है। जहां संवेदक द्वारा धड़ल्ले से नींव में घटिया सामग्री का उपयोग तेजी से किया जा रहा है। मुखिया ने विभाग से उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषी संवेदक व संलिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई की करने की मांग की है।

### जिले में आते ही चर्चा में आये एक थाना प्रभारी

# रामगढ़ में कोयले के धंधे वाले इलाके का थाना मिलते ही तस्कर से यारी कर बैठे थानेदार!

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला कोयला तस्करी के लिए बदनाम है। इस बदनामी में कुछ पुलिस अधिकारी की भूमिका हमेशा संदिग्ध रही है। क्योंकि उनकी मिलीभगत के बगैर कुछ भी संभव नहीं है। हालांकि अपने आपको पाक-साफ रखने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। लेकिन कोयले की काली कोठरी से बेदाग निकलना संभव नहीं है। आपको लगता होगा कि हम कोई पुरानी कहानी के पीछे आपको ले जा रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। दूसरे जिला से आये कुछ सब इंस्पेक्टर को उम्मीद से ज्यादा ही मिल गया। कुछ ऐसा थाना हाथ लग गया, जिसे पाने के लिए हर तिगड़म भिड़ाना पड़ता है। लेकिन उन्हें ये सब आसानी से मिल गया। अब वो इसको पचा भी नहीं पा रहे हैं। इतनी जल्दबाजी में हैं कि थाना में योगदान देने के कुछ ही घंटों के बाद तस्करों से यारी कर बैठे और घंटों मंथन में जुट गये।



**क्या है कहानी**

सूत्रों ने बताया कि कोयला आधारित क्षेत्र में पोस्टिंग के बाद एक थाना प्रभारी देर शाम कुजू के एक होटल पहुंचे। यहां पर उनकी मुलाकात एक कोयला तस्कर से हुई। दोनों ऐसे मिले जैसे वर्षों का पुराना याराना हो। हालांकि ये अलग बात है कि उनकी मुलाकात कोयला तस्कर से संयोग कहें या रणनीति के तहत, लेकिन अहम बात यह है कि थानेदार से मिलाने वाला कौन है। ये तो जांच का विषय है। लेकिन होटल के बंद कमरे में घंटों क्या बात हुई ये तो उस टेवल पर मौजूद लोग ही बता सकते है।

**सुलगते सवाल**

क्या बड़ा बाबू की मुलाकात एक संयोग है? देर रात होटल पहुंचे, उसी बीच तस्कर भी पहुंचता है, क्या एक रणनीति का हिस्सा है? सवाल है कि दूसरे जिले से आये अभी सप्ताह भी नहीं बीता है। फिर उनकी पहचान कोयला तस्कर से कैसे हुई। क्या उनकी पहचान पहले से थी या फिर दोनों को मिलाने वाला तीसरा कोई और है।

**रात के 10 बजे शुरू हुई बैठक, घंटों चली:** सूत्र बताते हैं कि रात के करीब 10 बजे बड़ा बाबू कुजू के एक होटल पहुंचे। उसी वक्त दोनों की मुलाकात हुई। जिसके बाद दोनों ने एक टेवल पर बैठ कर घंटों गुप्तगू की। दोनों के बीच क्या बात हुई ये तो जांच में स्पष्ट हो पायेगा, लेकिन इसको लेकर सर्वत्र चर्चा है।

# भावनाओं की राजनीति

कर्नाटक सरकार एक ऐसा कानून लाने जा रही है, जिसके मुताबिक कंपनियों को नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से अपने कन्नडिगा कर्मचारियों की संख्या प्रदर्शित करनी होगी। इस खबर ने कई हलकों में ठीक ही चिंता पैदा की है।

**विधानसभा में चर्चा :** प्रस्तावित कानून की गंभीरता तो अपनी जगह है ही, ध्यान देने लायक बात यह भी है कि इसकी जानकारी सबसे पहले विधानसभा में एक और बिल पर चर्चा के दौरान सामने आयी। वह बिल, जो 15 फरवरी को पारित किया जा चुका है, व्यवसायों के लिए 60 फीसदी साइनबोर्ड कन्नड भाषा में रखना अनिवार्य बनाता है। दूसरी बात यह भी बतायी गयी है कि सरकार 'कन्नडा कवालू' नाम का एक मोबाइल ऐप लांच करने वाली है, जो नागरिकों के लिए भाषाई भेदभाव की शिकायत करना आसान बनायेगा।

**भाषाई संकीर्णता :** इन तमाम कदमों को समग्रता में देखें तो साफ है कि ये भाषाई भावनाओं पर आधारित संकीर्ण राजनीति को बढ़ावा देने वाले हैं। इस तरह की राजनीति किसी पार्टी को खास इलाके में थोड़े समय के लिए लोकप्रियता भले दे दे, लंबे समय में किसी का भला नहीं कर पाती। महाराष्ट्र से लेकर असम तक अतीत के अनुभवों से इसकी पुष्टि होती है।

**निवेश पर आंच :** निश्चित रूप से लगभग हर प्रदेश और क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन इसका हल क्षेत्र और भाषा के आधार पर स्थानीय भावनाओं को भड़काने में नहीं है, न ही देश के दूसरे हिस्से से आ रहे लोगों के खिलाफ माहौल बनाने में है। बल्कि इससे बाहर से निवेश और टैलेंट आने का सिलसिला बंद होने का खतरा है, जिससे उस राज्य की विकास संभावनाएं ही नहीं, रोजगार के मौके भी प्रभावित हो सकते हैं। दूसरे राज्यों और दूसरे देशों से आनेवाली पूंजी इस तरह के भावनात्मक कानूनों के कारण प्रभावित हो सकती है।

**कर्नाटक सरकार ऐसा कानून बना रही है, जिसमें हर कंपनी को नोटिस बोर्ड पर ये बताना होगा कि उसके यहां कितने कन्नड़ कर्मचारी काम करते हैं। जो कंपनियां इन नियमों को नहीं मानेंगी, उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।**

**अन्य राज्यों का हाल :** यह बात सही है कि हाल के वर्षों में बेरोजगारी के मुद्दे को स्थानीय संदर्भों में देखने की प्रवृत्ति तेज हुई है। कई राज्य सरकारों ने स्थानीय युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण की घोषणा की थी। मिसाल के तौर पर झारखंड (75 फीसदी), हरियाणा (75 फीसदी), महाराष्ट्र (80 फीसदी तक), आंध्र प्रदेश (75 फीसदी) और मध्य प्रदेश (70 फीसदी) के नाम लिये जा सकते हैं। इन राज्य सरकारों ने अपने यहां कानून जरूर बना दिये हैं, लेकिन इनका कितना और कैसा कार्यान्वयन हो रहा है, यह भी देखने लायक हो सकता है।

**कोर्ट में मामले :** लेकिन किसी तुलना में जाने से पहले दो बातों पर गौर करने की जरूरत है। पहली तो यह कि स्थानीय आरक्षण से जुड़े इन ज्यादातर मामलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। ये मामले चल रहे हैं और हो सकता है सुप्रीम कोर्ट इन्हें खारिज कर दे। दूसरी बात यह कि कर्नाटक में मामला स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके मुहैया कराने भर का नहीं लगता। जिस तरह से ये कदम उठाये और प्रचारित किये जा रहे हैं, उससे भाषाई भावनाओं के भड़कने का साफ खतरा है। इतना ही नहीं, इस तरह के कानून से दूसरे राज्यों के लोगों को क्या संदेश मिलेगा और क्षेत्रीयता का उन्माद कितना बढ़ेगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार इन खतरों को लेकर सचेत होगी और हालात को उस तरफ नहीं जाने देगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाइ के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है।**

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण-मोदी की गारंटी

**पीयूष गोयल**



**ऐसे** समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर है।

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य आठ प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो।

इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

**सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है।**

सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाइ) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गयी है।

भारत राइस, आटा, दाल-मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर 'भारत दाल' और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर 'भारत आटा' लांच किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्होंने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थी। केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। 'भारत' खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ देश भर में 18 हजार से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं।



**इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।**

**अभूतपूर्व, तेजी-** इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली, तो सरकार तुरंत हरकत में आयी, जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाये। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किये गये हैं।

इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने के लिए एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया। सरकार ने 27 हजार 489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है।

सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है।

रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यों पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्त इनपुट के साथ मूल्यों और रुझानों का विश्लेषण किया जाता है, ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके।

**सस्ती चीनी, खुशहाल किसान-** नये गन्ना-पेराई सीजन की शुरुआत के बाद चीनी के एक्स-मिल मूल्यों में 3.5 से चार प्रतिशत की गिरावट आयी, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हें समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है, जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दर्शाता है।

आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्य 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं और आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्य गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं।

**भारतीय पहले –** सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलें। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुली बाजार बिक्री योजना के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बढ़ायी है। 'भारत राइस' लांच किये जाने के बाद किये गये अन्य उपायों की श्रृंखला के अनुकरण से चावल की कीमतों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी।

**प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मुफ्त खाद्यान्न-** मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाइ के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है। यह योजना राजकोषीय अनुशासन से समझौता किये बिना उदार कल्याणकारी योजनाएं चलाने के प्रधानमंत्री के बेमिसाल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाती है। इसी प्रकार यह सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में नैतिकता और अनुशासन सुनिश्चित करती है।

**मूल्यों के लिए सबसे अच्छा दशक-** इस प्रकार महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे संकट के बावजूद पिछला दशक मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत के लिए सबसे अच्छा रहा है, हालांकि इन संकटों ने इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना दिया था। यह उपलब्धि इस तथ्य के बावजूद हासिल की गयी है कि हमें यूपीए से 'फ्रैजाइल-5' अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गरीबों के लिए कम सम्मान और दो अंकों की मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित थी।

खाद्य सुरक्षा और मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उस समय किया, जब देश सबसे चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना कर रहा था। यह 140 करोड़ भारतीयों के इस विश्वास को मजबूत करता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पलासबनी पंचायत में राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर आज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर जमशेदपुर प्रखंड के पलासबनी पंचायत में 24 फरवरी को राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर और जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम के तत्त्वाधान में शनिवार को आदिम जनजाति समूह को लक्षित कर आयोजित किये जाने वाले शिविर में लगभग 4000 लोग शामिल होंगे। शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल के तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर श्री अनिल कुमार मिश्रा,उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, झालसा के डिप्टी सेक्रेटरी श्री अभिषेक कुमार , डालसा सचिव श्री नितीश निलेश सांगा, एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी और जिला स्तरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयोजन स्थल पर आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, रूट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, आवश्यकतानुरूप बेरिकेडिंग की समीक्षा की गई। मौके पर समीक्षा करते हुए जिले के वरीय पदाधिकारियों ने सभी तैयारियों को ससमय मूर्त रूप देने के लिए संबंधित पदाधिकारियों निर्देश किया। 24 फरवरी को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मेगा शिविर में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री सुजित नारायण प्रसाद के साथ झारखंड उच्च न्यायालय के अन्य न्यायधीश गण उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश श्री अनिल कुमार मिश्रा ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को राज्य स्तरीय मेगा शिविर में शामिल होने की अपील की। ताकि मेगा कैम्प में बड़ी संख्या में शामिल होकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सके। साथ ही अपने कानूनी अधिकारों से भी अवगत हो सके। वहीं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बताया मेगा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा जायेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, कल्याण, समाज कल्याण, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता, श्रम, सामाजिक सुरक्षा, वन विभाग, आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा लगभग 20 स्टॉल लगाए जायेंगे। जहा ज्यादा से ज्यादा की संख्या में ग्रामीण शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा कर सकते है।

# विधायक ने मंत्री से मुलाकात कर आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र के लिए भवन निर्माण की रखी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौपा। विधायक ने मांग पत्र के माध्यम से सारजमदा के दक्षिणी पंचायत ग्राम छोलागोड़ा जाहेर गाड़ के चारदीवारी और सुंदरीकरण, आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र के लिए भवन निर्माण करवाने की मांग की। विधायक ने बताया बीते दिनों सरजमदा दौरा के दौरान ग्रामीणों ने अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री के नाम उन्हें ज्ञापन सोपा था। आज मंत्री दीपक बिरवा से मुलाकात कर उन्हें वह पत्र सौंपा गया। मंत्री ने ग्रामीणों के मांग पर पहल करने का आश्वासन दिया।

# सिमरिया थाना के नये थानेदार बने चंदन कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमरिया।** सिमरिया थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में चंदन कुमार ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना उनका पहला प्राथमीता है । अपराध और उग्रवाद पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा । साथ ही पोस्ता की खेती करने वाले को किसी भी रूप में छोड़ा नहीं जायेगा । अपराध उग्रवाद और पोस्ता की खेती के संरक्षण देने वाले भी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होने युवाओं को अफीम के नशे दूर रहने की अपील किया है कहां है अफीम शरीर, परिवार और खेत को नष्ट करने वाला जहरीला पौधा है। उन्होंने आगे कहा कि जनसहयोग के बिना पुलिस का कोई भी कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसलिए वे सभी लोगों से पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी विवेक कुमार के ट्रांसफर के बाद चंदन कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है।

# पेयजल की समस्या को लेकर लोगों ने नगर निगम का किया घेराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** ठंड के बाद गर्मी का मौसम आते ही आदित्यपुर वार्ड 17 में पेयजल की समस्या उत्पन्य होने लगी है। शुक्रवार को क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने नगर निगम कार्यालय में पहुंच कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वही स्थानीय लोगों को देख नगर निगम के कोई पदाधिकारी मुलाकर नही करने पर लोगो की भीड़ गेट के सामने ही विरोध करते हुए पानी की समस्या का समाधान के लिए मांग करते रहे। उस दौरान आकर्षित लोगों ने नगर निगम के पदाधिकारी के खिलाफ अशब्द का प्रयोग करने की बात सामने आई है। हालांकि सैकड़ो लोगों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासक ने मिलने से इंकार कर दिया। नगर निगम क्षेत्र के प्रशासक आलोक कुमार ने बताया नगर निगम के समूचे क्षेत्र को तीन जोन में बांटकर टैंकर से जलापूर्ति करने की तैयारी की गई है। लेकिन इस बीच वार्ड 17 की जनता ने कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने बताया कि कार्यालय में इस तरह के अशब्द का प्रयोग करना गलत है। फिलहाल पेयजल की समस्या का समाधान के लिए प्रयास की जा रही है।

# खाद्यान्न का उठाव और वितरण समय पर हो: उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड आदि का प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि पैक्स केंद्रों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए धान अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों को संपादित करें ताकि धान अधिप्राप्ति के समय किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो।बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। इसके अलावे पेट्रोल सब्सिडी योजना की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि लक्ष्य के अनरूप लाभूको को पेट्रोल सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिस पर उपायुक्त द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## फसल के मुआवजा का दिया निर्देश



कांडी(आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे की मांग किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आया। विदित हो कि श्री दुबे के द्वारा किसानों को बर्बाद हुए फसल की मुआवजा को लेकर जिला स्तर पर मांग किया जा रहा था। उनके मांग को मद्देनजर रखते हुए वर्षापात और ओलापात से फसलों की क्षति हेतु जिला सहायता शाखा गढ़वा ने जिले के सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने अंचल क्षेत्र का सर्वेक्षण कराते हुए असामयिक वर्षापात और ओलापात से फसलों की क्षति से संबंधित प्रतिवेदन लौटती डाक से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है। इस आदेश के पश्चात रामलाल दुबे ने इस निर्णय के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# मुआवजा मिलने के बाद धरना समाप्त

**पिकअप पलटने से हो गयी थी मौत, ठेकेदार ने दिया मृतक के परिवार को मुआवजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** नलजल योजना में काम करने जा रहे मजदूरों से भरा पिकअप वैन की सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर सारो गांव निवासी ओमप्रकाश वियार की मौत के बाद सैकड़ों ग्रामीण बीते गुरुवार की शाम पिपरी बाजार स्थित विशुनपुरा बंशीधर नगर मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

मृतक मजदूर को मुआवजा की मांग को लेकर धरना पर बैठ गये। ग्रामीणों ने प्रशासन और नलजल के ठेकेदार से 10 लाख रु मुआवजा की मांग कर रहे थे। वहीं सड़क जाम होने पर मौके पर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह पहुंच कर ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।

उसके बाद विशुनपुरा अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता ने धरना स्थल पर आकर मृतक के परिजनों को अंबेडकर आवास और आपदा से एक लाख रु की लाभ दिलाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। वहीं ग्रामीणों की दस लाख रु के मांग को लेकर ठेकेदार से बात किया गया। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा 5 लाख रु मुआवजा देने की बात पर सहमति बन गयी। ठेकेदार के द्वारा 5 लाख रु का चेक और लिखित आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया, उसके बाद गुरुवार रात्रि 9 बजे 3 घंटे बाद धरना समाप्त हो गयी। वहीं शुक्रवार की सुबह मृतक ओमप्रकाश वियार की शव को अंतिम संस्कार सारो गांव के बिरजांघ नाला में किया गया।

वहीं सारो गांव से ही एक मजदूर की मौत और 17 मजदूर घायल हो जाने पर गांव में मातम छा गया है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

सारो गांव निवासी समाजसेवी रामनाथ पाल ने बताया कि मृतक के घर मे मां चंपा देवी और 18 वर्षीय एक बहन चांदनी कुमारी रहती है। 15 वर्ष पूर्व ही मृतक के पिता का देहांत हो गया है, घर की माली हालत काफी खराब है। वह किसी तरह गांव में ही मजदूरी कर मां और बहन का भरण पोषण करता था, लेकिन मौत हो जाने के बाद घर में अब कमाऊ व्यक्ति कोई नही बचा है। उन्होंने बताया कि मृतक ओमप्रकाश वियार उसकी बहन चांदनी कुमारी इन दोनों का इसी वर्ष शादी होना तय हुआ था। वहीं दूसरे दिन संवेदक के द्वारा परिजनों को खाद सामग्री देकर सहयोग किया गया।

मालूम हो कि बीते गुरुवार की सुबह सारो गांव से दर्जनों मजदूर पिकअप पर सवार होकर पिपरी गांव में नलजल योजना में काम करने जा रहे थे। इसी दौरान सारो गांव के हनुमान मंदिर स्थित कोठिलवा आहर में 15 फिर गहरी खाई में अनियंत्रित हो कर पिकअप वैन गिर गयी, जिसमें लगभग 18 मजदूर घायल हो गये थे। घायल मजदूरों को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिये सदर अस्पताल भेजा गया था. जहां इलाज के दौरान एक मजदूर ओमप्रकाश वियार उम्र 22 वर्ष की मौत हो गयी थी। मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पाशवन,उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, समाजसेवी रामनाथ पाल, ग्यास-उद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया दिनेश कुमार, मानिक, प्रवीण, आलम, नन्हकु, राजु, भुखन सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन आज



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आगामी शनिवार को शहर के टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा- रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय उपस्थित रहेंगे। उक्त बातें चेंबर अध्यक्ष बबलू पटवा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता के दारौन कही। बबलू ने बताया कि 13 फरवरी की रात में गढ़देवी मोड़ स्थित एक जेवर दुकान में डकैती की घटना घटित हुई थी। इस घटना को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उद्भेदन किया था। पुलिस ने समान भी बरामद की थी। इसी को देखते हुए चेंबर द्वारा पुलिस को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर पंचम सोनी, कंचन साहू, ज्योति प्रकाश केसरी, पूनमचंद कांस्यकार, संजय, मनीष, राजकुमार सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण बैंक कर्मी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर 27 और 28 को हड़ताल पर रहेंगे



कांडी (आजाद सिपाही) । प्रखंड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बैंक कर्मी शुक्रवार से तीन दिनी हड़ताल पर चले गये है। शाखा प्रबंधक प्रेम वर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्रामीण बैंक कर्मी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर दिनांक 23, 27 व 28 फरवरी को हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने आठ मांगों को बताते हुए कहा कि उनकी पहली मांग नेशनल रूरल बैंक ऑफ इंडिया का गठन कर राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंक बनाया जाये और प्रायोजक बैंक से पूणत: मुक्त करने की मांग किया है। दूसरी मांग के तहत अब उचित मैन पावर बनाकर नई भर्ती किया जाये और पदोन्नति नियमों में संसोधन किया जाये। जबकि तीसरे मांग में दैनिक पार्ट टाइम / कैजुअल कर्मियों को स्थायी किया जाये। ऐसे ही आठ महत्वपूर्ण मांगो को लेकर बैंककर्मी हड़ताल पर गये हैं। मौके पर कैशियर कमल सिंह मीणा सहित कई लोग शामिल उपस्थित थे। बैंक बंद होने से ग्राहकों को बैंक से वापस लौटते देखे गये।

## झामुमो की बैठक प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को धुरकी मोड़ स्थित कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अमर राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी द्वारा आयोजित न्याय यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में न्याय यात्रा के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में ग्रामीणों की बैठक कर झारखंड सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। बैठक में आवश्यकतानुसार पंचायत स्तर पर नुक्कड़ सभा भी आयोजित करने का निर्णय लिया गय।

# सोनडीहा के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम किया रौशन




**सगमा।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा (दक्षिण) के छात्रों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोहर दास ने बताया कि जिले के सभी प्रखण्डो के स्कूलो के द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का प्रस्तुत किया गया था। जिला चयन समिति ने सभी मॉडल की प्रस्तुति एवं सम्बंधित प्रश्नोत्तरी के बाद टीम ने भवनाथपुर को प्रथम, नगर उंटारी को द्वितीय जबकि सगमा प्रखण्ड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहा के छात्रों ने भूकम्प सूचना यंत्र का मॉडल बनाकर सभी के दिलों को खुश कर दिया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सगमा प्रखण्ड के वीरेंद्र यादव ने अपना नाम और माता-पिता के साथ-साथ अपने गांव, स्कूल का नाम रोशन किया है। इसे प्रषस्ति पत्र और मेडल देकर समान्नित किया गया। जानकारी देते हुए वीरेंद्र यादव ने बताया कि यह यंत्र अलार्म के माध्यम से सूचना लोगों तक पहुंचना है यह यंत्र कहीं भी काम करता है। वहीं बिपिएम कबिता कुमारी और विज्ञान शिक्षक हरिओम कुशवाहा ने बताया कि अपने प्रखंड में प्रथम स्थान और जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, साथ ही यह यंत्र बड़े पैमाने पर भी बनाया जा सकता है, इस यंत्र का काम भूकंप आते ही लोगों को अलार्म के माध्यम से सूचित करता है। साथ ही इससे यह संदेश होता है, कि आप इस अलार्म को सुनने के बाद कहीं सुरक्षित जगह पर जाकर अपना जान की सुरक्षा कर सकते हैं। इस यंत्र को बनाने वाला वीरेंद्र कुमार छात्र है, और अपने स्कूल बच्चों को मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि वह अपने तन मन से पढ़ें, मैं पढ़ने के लिए सदा तैयार रहता हूं। यह जो यंत्र है मेरे निगरानी में बनायी गयी है।

# दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में विश्व मातृभाषा दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में विश्व मातृभाषा दिवस का आयोजन सेमिनार कक्षा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा की मातृभाषा हमारे संस्कारों की जननी होती है और इसे संरक्षण की जरूरत होती है। वक्ता के रूप में डॉक्टर आशुतोष मिश्रा ने मातृभाषा के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा मातृभाषा को देश की आत्मा बताया। वक्ता के रूप में जनार्दन शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा की मातृभाषा किसी भी देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम करती है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो० (डॉ०) एमके सिंह और कुलसचिव डॉ लल्लन सिंह ने कार्यक्रम की बधाई और शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, ओमप्रकाश, डॉ आशुतोष मिश्रा, आनंद कुमार चौबे, मनोज गुप्ता, अभिमन्यू शुक्ला, शशिकांत सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे, बीएन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ आशुतोष मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन जनार्दन शुक्ला के द्वारा किया गया।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**लोकसभा चुनाव को लेकर 160 सहायक अध्यापकों प्रशिक्षण बीडीओ ललित प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 160 सहायक अध्यापकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ललित प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि आप सभी चुनाव प्रशिक्षण प्राप्त करने में कोई कोताही नही होना चाहिए। आपका गंभीरता से प्राप्त किया गया प्रशिक्षण चुनाव के दिन आपको राहत पहुंचा सकता है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि इस बार मतदान कर्मियों को कलस्टर की सुविधा नही मिलेगी।सभी मतदान कर्मी सीधे रूप से मतदान केंद्र पर ही जायेंगे। जिस कारण आपलोगों के लिए चुनाव पूर्व प्रशिक्षण पूरी ईमानदारी से प्राप्त करना बहुत ही जरूरी हो जाता है। मास्टर ट्रेनर अजित कुमार ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि कंट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट व वी वी पैट के सही रूप से संचालन की जानकारी उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि एक मतदान के सभी चार कर्मियों को पूरी टीम भावना के साथ कार्य करना होगा तबही आपको चुनाव में आसानी से सफलता मिल सकती है।मॉक पोल, सीलिंग व कई अन्य जानकारी मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराया। इस बार मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र तक ले जाने वाले वाहन जीपीएस सिस्टम से लैस रहेंगे। बीपीआरओ शाहीद अंसारी ने भी सभी मतदान कर्मियों को भी चुनाव से जुड़े कई बिंदुओं की भी जानकारी दिया। प्रशिक्षण लेने वालों में अमरेंद्र कुमार पंडित, राजेश दुबे, रामेश्वर पाल, प्रवीण कुमार सिंह, ललित सिंह, सुनीता कुमारी, संध्या पांडेय, रंजू श्रीवास्तव, रंजू, करंजु पाल सहित कई लोग शामिल हैं।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद के अति पिछड़े सोनपुरवा लाइन उस पार भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय के प्रयास और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा डीप बोर करवाया गया। कुछ महीनों पहले अलखनाथ पांडेय और पलामू सांसद के द्वारा वार्ड के जनता के साथ समस्या को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया था, मुहल्ले निवासी कुंवा के पानी से और कई किलोमीटर पैदल चलकर पीने का पानी लाते थे, जिसमें सभी लोगों के द्वारा डीप बोर की मांग की गयी थी, तब सांसद के द्वारा आश्वस्त किया गया था कि बहुत जल्द डीप बोर कराया जायेगा। जो कि आज डीप बोर कराकर सांसद के द्वारा वादा पूरा किया गया, जिससे स्थानीय लोग काफी खुश और उत्साहित थे। साथ ही इस डीप बोर से वहां की खुश जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे और गढ़वा नगर मंडल सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल का वहां की जनता के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मौके पर गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय के द्वारा डीप बोर से पहले नारियल फोड कर पूजा अर्चना किया गया। साथ ही डीप बोर होने पर वहां की जनता को बधाई और शुभकामना दी, साथ में गढ़वा ज़िला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, भाजपा नेता रौशन धर दुबे, गांधी पासवान, उपेन्द्र राम, अजय पासवान, दीपक कुमार, प्रदीप, राजेश, राजू राम, अशोक, सुरेश बिंद, कुंदन कुमार, चंदन राम, राजकुमारी कुंवर, शारदा देवी, माया, सुनीता, चंदा देवी, पूनम देवी मामू सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांक:– 248 हजारीबाग/दिनांक:– 23 / 02 /2024

**निविदा रद्द संबंधि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 228 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-24/2023-24 पी0आर0न0– 319788 Minor Irrigation (23-24)#D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 320184 Minor Irrigation(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांक:– 250
हजारीबाग/दिनांक :– 23 / 02 /2024

**निविदा रद्द संबंधि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 230 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-26/2023-24 पी0आर0 न0– 319792 Minor Irrigation (23-24)#D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल
हजारीबाग

PR 320216 Minor Irrigation (23-24)_D

## नवनियुक्त भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष का स्वागत



भंडरिया (आजाद सिपाही)। गढ़वा-भंडरिया भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा लातेहार संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा व नव नियुक्त भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो जी को गढ़वा जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पुष्प गुच्छे और बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित कार्यकताओं को प्रदेश से मिले एक बार मोदी सरकार के फामूर्ला से लोगों को अवगत कराते हुए आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में अपना बुथ सबसे मजबूत के तहत सभी कार्यकर्ता लगकर कार्य करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंन्हा, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर विधायक प्रतिनिधि रामक्रेश चौरसिया, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष भूषण सिंह, मंडल महामंत्री विनय जायसवाल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश कुमार बैठा, मदन, एसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीरबल भुइयां, समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शब्बे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

रमना (आजाद सिपाही)। थाना परिसर के प्रांगण में शब्बे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह ने कहा की हम सभी को एक दूसरे के धर्म को सम्मान देने की जरूरत है।

# डीलर की मनमानी से फूटा कार्डधारियों का गुस्सा, प्रदर्शन

**ग्रामीणों का कहना है कि डीलर द्वारा 2023 में 5 महीने का तथा 2024 में फरवरी माह का राशन गायब कर दिया गया।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया गांव के बड़ी संख्या में कार्डधारियों ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर राशन दुकानदार के खिलाफ प्रदर्शन किया। डीलर जीरा कुंवर के मनमानी तथा कई महीनो से राशन नहीं देने से नाराज लोगों ने बीडीओ सह एमओ जागो महतो को लिखित आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। राशन नहीं दिये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि डीलर द्वारा 2023 में 5 महीने का तथा 2024 में फरवरी माह का राशन गायब कर दिया गया। साथ हीं लोगों का आरोप है कि डीलर के पास जब राशन के लिए जाते हैं तो राशन भी नहीं दिया जाता है तथा दुर्व्यवहार कर भगा दिया जाता है। लोगों ने डीलर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया आशीष बीयार का कहना है कि डीलर जीरा कुंअर द्वारा 2023 में 5 माह का राशन लाभुकों को नहीं दिया गया तथा 2024 में भी फरवरी महीने का राशन गायब कर दिया गया है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। मुखिया का कहना है कि डीलर का कार्य प्रणाली से लोग संतुष्ट नहीं हैं, इसलिए यहां डीलर बदलना ही विकल्प होगा। मौके पर लाभुक बालेश्वर बियार, संजय शाह अरविंद बियार, अजीत प्रसाद गुप्ता, रामनाथ साह, उदय साह, रजिया कुंवर, ललिता देवी, पूनम देवी, मालती देवी, देवंती देवी, मीरा देवी, बचीया देवी, सोना कुंवर, मीरा देवी, शीला देवी, प्रतिमा देवी, अनीता देवी, चंदा देवी, लालची देवी, कमला देवी, रीना देवी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह एमओ जागो महतो ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**
**(पर्यटन शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

कोडरमा जिला अन्तर्गत चन्दवारा प्रखण्ड के तिलैया डैम एवं झील रेस्टुरेन्ट उरवाँ के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–20 पर पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पार्क एवं विभिन्न संरचनाओं का विकास किया जाना है। इस निमित इच्छूक एजेन्सी से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा का विवरण निम्नवत् है :–

| S.No | Information/ Subject | Details |
|---|---|---|
| 01 | Name of Work | Infrastructure Development of Telaiya Dam, Urwan (Near Jheel Resturent) in Chandwara Block, Koderma district. |
| 02 | Date of publication of RFP | 23-02-2024 |
| 03 | Last date & Time for BID submission | 03-03-2024 till 12:00 PM |
| 04 | BID submission place | District Collectorate, Koderma. |
| 05 | Date & Time for BID opening | 03-03-2024, 03:00 PM |
| 06 | Technical Solution Presentation & Evaluation | 03-03-2024, 03:00 PM |
| 07 | Opening of Financial Bids and finalevaluation | 03-03-2024, 03:00 PM |
| 08 | BID opening place | District Collectorate Meeting Hall, Koderma. |
| 09 | Email | |
| 10 | Scope of work | Infrastructure Development of Tilaiyya Lake in Koderma district. |
| | | Site Survey. |
| | | Preparation of DPR. |
| | | Execution of the Project. |

नोट– निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते सहित अन्य विस्तृत सूचना कोडरमा जिला के वेबसाईट www.Koderma.nic.in.पर देखा जा सकता है।

PR 320108 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 23-24 (D)

जिला पर्यटन पदाधिकारी,
कोडरमा।

# गांवों का विकास ही आजसू पार्टी की प्राथमिकता : नीरू शांति भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड लोहरदगा के हरमू पंचायत एवं जूरिया पंचायतों का दौरा आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत के द्वारा किया गया। इस दौरान गांव के लोगों से चर्चा की गयी और समस्याओं से रूबरू होते हुए नीरु शांति भगत ने कहा गांव का विकास ही आजसू पार्टी की पहली प्राथमिकता है। गांव का विकास होगा तभी जिले का और राज्य का विकास होगा। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से आह्वान किया कि क्षेत्र के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को आजसू पार्टी में शामिल करें और क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी मिलकर सार्थक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आईन्द, जूरिया पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भगत, उदय चंद्र मुखर्जी, रामू उरांव, जरकश साहू, कर्मदेव ऊरांव सुरेंद्र महली और लीलावती कुजूर सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# 10 लाख के इनामी जेजेएमपी जोनल कमांडर ने किया सरेंडर

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** 10 लाख के इनामी जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया अपने सहयोगी के साथ लातेहार पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। शुक्रवार को विधिवत रूप से आत्मसमर्पण नीति नई दिशा से प्रभावित होकर मनोहर परहिया और दीपक कुमार भैया भईया उर्फ कुंदन में जोनल आइजी राजकुमार लकड़ा सीआरपीएफ के डीआइजी पंकज कुमार लातेहार एसपी अंजनी अंजन सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष सरेंडर किया।

लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र स्थित अंबाटिकर निवासी मनोहर परिया ने 2004 में अपने गांव के कुछ लड़कों के साथ भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। वर्ष 2010 में भाकपा माओवादी संगठन छोड़कर 2011 में जेजेएमपी संगठन में शामिल हुआ। 2012 में सबजोनल का कमांडर बनाया गया। वहीं पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के चंपी कला निवासी दीपक कुमार भईया उर्फ कुंदन ने मनोहर परहिया के कहने पर वर्ष 2018 में जेजेएमपी संगठन से जुड़ा था। मनोहर परहिया पर लातेहार एवं पलामू के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।




**लातेहार पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धिः डीआइजी पलामू**

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज कुमार लकड़ा ने कहा कि यह दोनों का आत्मसपर्मण करना यह दिखलाता है कि अब उग्रवादियों में पुलिस का खौफ बढ़ा है। साथ ही यह सभी झारखंड सरकार की नई दिशा आत्मसमर्पण नीति से भी प्रभावित होकर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। यह लातेहार पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**लातेहार जिले को नक्सली मुक्त अभियान में मिली एक और सफलताः एसपी अंजनी अंजन**

जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने इस अवसर पर पत्रकारों को बताया कि हम पिछले दो वर्षों से पूरे जिले में सीआरपीएफ, कोबरा और लातेहार पुलिस की टीम मिलकर लगातार लातेहार जिले को नक्सली मुक्त करने को लेकर अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में सुरक्षाबलों के द्वारा इनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें समझाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप ये दोनों ने मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया और इन्होंने पुलिस के समझ आत्मसमर्पण कर दिया। पिछले दिनों बेंदी में हुए पुलिस के साथ मुठभेड़ और दो साल पहले हुए मुठभेड़ जिसमें डिप्टी कमांडेंट जो शहीद हो गये थे उस दस्ते में भी मनोहर परहिया शामिल था।

# विषैले कीड़े के काटने से छात्रा की मौत



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत में उस समय सनसनी फैल गयी जब केचकी के राजकीय मध्य विद्यालय के छात्रा छोटी कुमारी की मृत्यु की खबर पूरे गांव में हवा की तरह फैल गयी। वहीं घटना के संबंध में बताया गया की छोटी कुमारी (उम्र 12) पिता बुधन भुइंया केचकी (बखोरीडेरा) राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा थी और शुक्रवार को वो घर से बिल्कुल स्वस्थ अवस्था में स्कूल गयी थी। स्कूल के मध्यांतर होने के बाद छोटी अपने दोस्त के साथ स्कूल के पास के खेत में बेर खाने चली गयी और वो अपने दोस्त के साथ बेर चुन रही थी। इसी दरमियान छोटी को पैर में कुछ चुभने का अहसास हुआ। जिसके बाद पेट में अचानक उठे दर्द से वो स्कूल नही जा पायी और स्कूल के बगल में एक पेड़ के नीचे बैठ गयी और बेहोश हो गयी। जिसके बाद स्कूल के छात्रों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश भारती तत्काल जांच के लिए स्थानीय डॉक्टर को बुलाया जहां डॉक्टर द्वारा छोटी कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया और मृत छोटी के परिजनों आशवासन दिया। घटना स्थल पर बरवाडीह पुलिस की टीम पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र राम, पिंटू कुमार, उमेश यादव, सिकंदर राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण और परिवार के लोग मौजूद थे।

# मनायी गयी संत बाबा गाडगे की जयंती



**कुड़ू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंध कुड़ू प्रखंड ईकाई के तत्वावधान में रामनगर धोबी टोला कुड़ू सहित प्रखंड के ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा, ओपा आदि गांवों मे शुक्रवार को स्वच्छता के प्रतीक धोबी समाज के अगुवा गुरूदेव बाबा संत गाडगे की 148वीं जयंती मनाई गई। रामनगर धोबी टोला कुड़ू में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धोबी महासंध के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार मौजूद थे। कार्यक्रयम की शुरआत संत बाबा गाडगे, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए नमन करने के पश्चात हुई। मौके पर अमित कुमार ने कहा कि संत गाडगे एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था। आज हमें हमारे आदर्श के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। गाडगे महाराज ने आह्वान किया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा अपने हक व अधिकारो के लिए आगे बढ़ो। वहीं विशिष्ट अतिथि महासंघ के लोहरदगा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक कुमार ने कहा कि स्वच्छता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वांले बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए काफी लंबा संघर्ष किया। समाज को संगठित करने के लिए सभी को सामुहिक प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर महासंध के प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा, बरूण बैठा, दिलिप बैठा, अभिषेक कुमार रिंकू, अधनु बैठा, राजा कुमार, पचु बैठा, रामजीत बैठा समेत समाज के अन्य लोग शामिल थें।

# समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त महोदया ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।



जनता दरबार में ज्यादातर आवेदन आबुआ आवास से संबंधित प्राप्त हुए। जिसे लेकर उपायुक्त ने निदेशक आईटीडीए, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता को जांच करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से आबुआ आवास, जमीन विवाद, बिजली बिल माफी, जलमिनार, मुआवजा, रोजगार, पेंशन आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा के श्रेयांश उपस्थित थे।

# ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में महिला घायल

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के टोरी जंक्शन पर गोमो चोपन पसिंजर में चढ़ने के दौरान दिन के 11.30 बजे लबरपुर बतात कला की रहने वाली ललिता देवी पति बासु उरांव को टोरी जंक्शन से अपने घर जाने के क्रम में टोरी जंक्शन पर आई थी। पसिंजर ट्रेन चढ़ने के क्रम में ट्रेन के नीचे घुस गयी। जिससे ललिता देवी कि पैर कट गई और वह महिला घायल हो गयी। किसी तरह महिला को टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के द्वारा अपने जवानों के मदद से घायल महिला को निकाला गया, और चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया गया। वहीं घायल महिला को डॉ नीलिमा कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया। साथ ही डॉ नीलिमा कुमारी ने बताया कि एक पैर घुटना के नीचे से कट गया है। वही दूसरा पैर नीचे से कट गया है।

# अग्निवीर के विरोध में किया गया पोस्टर लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के द्वारा बीएस कॉलेज लोहरदगा में अग्निवीर के विरोध में पोस्टर लांच किया गया। केंद्र सरकार से मांग किया कि 2019 से 2022 के बीच में डेढ़ लाख युवाओं ने जो अपने भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूपेण दिया था। जिसको केंद्र सरकार येन केन प्रकानेन अपना उल्लू सीधा कर रद्द कर दिया था उसे त्वरित जॉइनिंग दिया जाए तथा स्थायी सेना को हटाकर अग्निवीर के रूप में 4 साल के लिए कर दिया गया है। उसे पुनः स्थाई किया जाए। मोदी सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के बहाने भारतीय सेना, एयरफोर्स तथा नेवी भर्ती में सभी प्रक्रिया में शामिल होने के बावजूद 1.5 लाख से अधिक होनहार युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। इस योजना में चयनित युवाओं को न केवल रेगुलर सेना कर्मियों की तुलना में कम वेतन मिलता है बल्कि उन्हें महंगाई भत्ता, सैन्य सेवा वेतन, चिकित्सा सुविधाएं, बीमा और अन्य सैन्य लाभों से वंचित किया जाता है। शहादत की स्थिति में, उन्हें शहीद का दर्जा और इससे जुड़े लाभ नहीं दिये जाते हैं। चार साल की सेवा के बाद, ये युवा तत्काल बेरोजगारी का सामना करते हैं, उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, पेंशन, कैंटीन सुविधाओं, वेटरन स्टेटस और अन्य सैन्य लाभों तक पहुँच से वंचित रहना पड़ता है। मौके पर मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला महासचिव मन्नोवर आलम, जिला मीडिया प्रभारी शुभम शाहदेव, सदस्य फैज अहमद, सूर्यकांत उरांव और सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्कूल परिसर में चिकित्सा शिविर आयोजित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष स्वस्थ अभियान के तहत जिला चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर बरवाडीह सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयंत लकड़ा के देखरेख में प्रखंड के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के बीच विशेष स्वस्थ जांच अभियान चलाया गया। जिसमें चिकित्सक डॉ प्रभात कुमार द्वारा विद्यालय में पढ़ने 300 से अधिक छोटे बड़े बच्चों का शारीरिक एवं स्वास्थ्य जांच किया ।जांच के उपरांत स्कूली बच्चों के बीच पोषण एवं शारीरिक विकास के लिए निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों का भी शारीरिक जांच किया गया। मौके पर चिकित्सा के अलावे विद्यालय के संचालक डॉक्टर पवन कुमार, सीमा कमारी सी एच ओ, सुजीत कुमार गुप्ता सहायक चिकित्सक, मनोरंजन कुमार, श्रवण कुमार, नील ध्वज कुमार, पूनम एक्का स्वास्थ्य कर्मी , विद्यालय के प्रिंसिपल एचएस स्वाधीन कुमार पाल, प्रबंधक सीमा गुप्ता, राजेश कुमार झा, उमाशंकर उपाध्याय, संभू प्रसाद, फिरोज अहमद समेत शिक्षक शिक्षिकाए समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रेम और सौहार्द्र के साथ पर्व-त्योहार मनायें: सीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा थाना परिसर में शुक्रवार को संत रविदास जयंती व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए सीओ दुर्गा कुमार ने क्षेत्र से आए सभी सभ्रांत व्यक्तियों से आह्वान किया कि रविदास जयंती एवं शब ए बारात का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने प्रखंड वासियों से शांतिपूर्वक पर्व को संपन्न कराने निर्देश दिए। थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी पर्व त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द पूर्वक मनाए । पुलिस प्रशासन जनता की सेवा में चौबीस घंटे सातो दिन सदा तत्पर रहेगी । बैठक में एसएसआई लाल महतो, बालकृष्ण सिंह, आफताब आलम, रामजी प्रसाद, रंजन उरांव, बीना देवी, अब्दुल रऊफ, गुलाम अंसारी, नीरज चोपड़ा, सुहैल अमीन सहित कई लोग मौजूद थे ।

# दुष्कर्म के आरोप में दो गिरफ्तार

**कुड़ू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुड़ू प्रखंड के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिक बालिका के साथ दो लड़कों द्वारा दुष्कर्म कर झाड़ी में छोड़कर भागने की सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि बालिका कुड़ू सप्ताहिक गुरुवार बाजार से अपना घर जा रही थी। तभी उसके परिचित के दो युवकों ने लड़की के गांव जाने के रास्ते में पड़ने वाले एक गांव के खेत के नजदीक झाड़ी में जबरन दुष्कर्म किया। जिससे नाबालिक बेहोश हो गयी और उसी हालत में झाड़ी में ही पड़ी रही। नाबालिग को कुछ लोगो ने देखा और इसकी जानकारी कुड़ू पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बालिका को कुड़ू थाना लाया। होश आने पर बालिका ने अपनी आपबीती पुलिस को बताते हुए दोनों आरोपियों के विषय मे जानकारी दी।

# टीबी बीमारी से बचाव और उपचार के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के चितिरी डांड़ू के पंचायत भवन में पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की अध्यक्षता में पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन के द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में पंचायत के जन प्रतिनिधि, जेएसएलपीएस के डीपीआरओ पूनम कुमारी, डीपीसी आशीश कुमार एवं ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को टीबी बिमारी की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उससे बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी



का संभावित लक्षण होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। पंचायत प्रतिनिधि, सहियाओं और जल सहियाओं का एक टीम तैयार कर पुरे पंचायत में घर-घर सर्वे कर संदिग्ध टीबी रोगियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया ताकि समय पर स्पूटम का जांच कराया जा सके। वही पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा स्वास्थ्य उप केंद्र चितरी सीएचओ जेनिथ एवं एएनएम के साथ बैठक कर टीबी बीमारी के बारे के चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। टीबी मुक्त पंचायत के लिए निर्धारित सभी मापदंडों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी मौके पर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, सुधीर राय, सीएचओ जेनिट, एएनएम तथा अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# जीपीडीपी कार्यक्रम में 40 लोगों को मिला प्रशिक्षण



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित की गयी है। जिसके आलोक में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यायल के सभागार में मुखिया स्वयं सेवक, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों समेत 40 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण दे रहे मंजीत कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य एवं विभिन्न विभागों के कर्मियों को जीपीडीपी से संबंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि योजना का चयन इस प्रकार से करें की सार्वजनिक स्थानों में भी जरूरत के सभी सुविधाएं मौजूद हों। बस स्टैंड, चौक-चौराहा व हाट-बाजारों में पेयजल, शौचालय, बैठने के लिए छायादार स्थान आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान योजनाओं के चयन, ई-ग्राम स्वराज में योजनाओं की प्रविष्टी और डीएससी के द्वारा ऑनलाइन भुगतान से संबंधित जानकारी दी गयी।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत सरकार एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमइ-विकास कार्यालय, रांची द्वारा लोहरदगा जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और उपस्थित विशिष्ट




अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य अतिथि डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम में सीएससी की ओर से एक 'ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन' शिविर का भी आयोजन किया गया।

# चुनाव को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु प्रखंड के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, सेक्टर ऑफिसर की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज, नोडल पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि, मनजीत सिंह ने लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु कई निर्देश दिये। सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर मतदान केंद्रों में बिजली, शौचालय, पानी एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र में पहुंचने के लिए रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वही जिन मतदान केंद्रों में 50% से कम मतदान होने वाले मतदान केंद्रों की पहचान कर वैसे मतदान केंद्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जोरशोर से जागरूकता अभियान चलाया जाये। सभी मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा नये मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु पर प्रपत्र 6 भर कर नाम जोड़ना सुनिश्चित करें।

# जेएमएम ने निकाला न्याय मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी बसिया के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के तेतरा और कोनबीर पंचायत में झारखंड आंदोलन उलगुलान पद यात्रा जेएमएम नेता सुकरात उरांव के नेतृत्व में निकाला गया। इस पदयात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए सुकरात उरांव ने बताया कि पद यात्रा का उद्देश्य लोगो को हम बताना चाहते है कि आदिवासी का सबसे बड़ा हितैषी बतलाने वाला भाजपा किस तरह से दोहरा चेहरा लेकर काम करती है। किस तरह से सत्ता पाने के लिए आदिवासियों को लालच दिया जाता है। डराया धमकाया जाता है। आपस मे लड़ाया जाता है। जिसका तत्कालीन उदाहरण हेमंत सोरेन है। जिन्हें तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर जेल में डालने की साजिश चल रही है। हम यह आंदोलन उनको न्याय दिलाने के लिए कर रहे है। साथ ही हेमंत सोरेन के कार्यो को लोगो को बतलाना चाहते है कि किस तरह पिछली सरकार जो काम 19 साल में नहीं की हेमंत सोरेन ने 4 साल में कर दिखाया। यह पद यात्रा ओकबा से शुरू होकर 15 पंचायत में जायेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जंसिता बारला, प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान,एमलेन कुल्लू, अमर डंगवार, अंजलुस डुंगडुंग, जस्टिन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुमला जिला भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# '370 पार' का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ता तैयार: शिव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाजपा जिला का अस्थायी चुनावी कार्यालय सिसई रोड स्थित होटल सभेकर में शुरू किया गया। कार्यालय का उद्घाटन जनसंघी कार्यकर्ता भगवान दास, ब्रजबिहारी प्रसाद, जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश उरांव, शिव शंकर उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, विनय लाल, भूपन साहू, विजय मिश्रा, सविंदर सिंह, अनुपचंद्र अधिकारी एवं अन्य आगत अतितियों द्वारा किया गया।



उद्घाटन समारोह में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा क्षेत्र गुमला, सिसई, बिशुनपुर, लोहरदगा, मांडर से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर लोकसभा चुनाव प्रभारी मनोज सिंह ने कहा बिना किसी भेदभाव से समाज के सभी वर्गों के लिए समानता का कार्य हुआ है। हर किसी को लाभ मिला है, भाजपा को जिताना है हर घर तक जाना है। अंत्योदय का संकल्प भाजपा ने पूरा किया है। जनसंघ काल के वयोवृद्ध नेता भगवान दास ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी को आत्मसात करें। इन महापुरुषों का जीवन-दर्शन एकात्मक मानववाद को बढ़ावा देता है। भाजपा कार्यकर्ताओं को कार्य करने की प्रेरणा देता है। जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कि इस बार 370 पार सीटों पर भाजपा अपनी रिकॉर्ड जीत दर्ज करायेगी। लोहरदगा लोकसभा सीट में भाजपा का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ता कमर कस चुके हैं। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने अपनी तैयारी कर चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशिभूषण मेहता, गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो, भिखारी भगत, राज किशोर महतो, किरण बाड़ा, अशोक उरांव, निर्मल गोयल, आफताब आलम लाडले, प्रवीण मेहता, यशवंत सिंह, दिनेश्वर प्रसाद,सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, विनोद कुमार,जगनारायण सिंह,गायत्री देवी,अमरमणि उरांव, सोनमणी उरांव, राधेश्याम कुशवाहा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 150 जनजाति समाज के लोग तीर्थ यात्रा के लिए रोहतास गढ़ रवाना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के तत्वावधान में जनजाति सुरक्षा मंच एवं मूली पड़हा गुमला के नितृत्व में लगभग 150 तीर्थ यात्री जनजाति समाज की धरोहर रोहतासगढ़ की यात्रा में रवाना हुए। ज्ञातव्य हो कि विगत 18 वर्षों से अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के नेतृत्व मे माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनजातीय समाज की परंपरा रीति रिवाज के धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ, एवं दो दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है. इस रोहतास गढ़ तीर्थयात्रा के माध्यम से लोग अपने पुर्वजों की धरोहर, तथा अपनी धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति ,पहचान इत्यादि जानकारी हासिल करते हैं। इस 18 वां रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा का संचालन वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के जिला संगठन मंत्री खेदू नायक, जनजाति सुरक्षा मंच गुमला के जिला संयोजक सह मूली पड़हा गुमला के बेल राजबेल उरांव, दीवान राजू उरांव, असनी पंचायत की मुखिया गौरी किंडो, सोमेश्वर उरांव आदि के द्वारा किया गया।

# महिला ने तीन स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला में कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडूलोया गांव निवासी गोविंद गोप की पत्नी प्रीति कुमारी ने तीन स्वस्थ तीन बच्चे को जन्म दिया जिसमें दो लड़की वह एक लड़का है। ऑपरेशन कर डॉक्टर ने बच्चों को पेट से बाहर निकाल वहीं महिला का यह पहला बच्चा है। शुक्रवार की सुबह अचानक महिला के पेट में तेज दर्द होने लगा परिजन तत्काल उसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र कोनबीर पहुंचे। जहां से तत्काल उसे गुमला रेफर कर दिया गया। दिन के लगभग 11:30 बजे ऑपरेशन कर तीनों बच्चों को बाहर निकल गया। वहीं तीनों बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। गोविंद ने बताया वह खेती-बाड़ी करता है और किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है लेकिन तीनों बच्चों को देखकर वह बहुत खुश है और किसी तरह उसका पालन पोषण करने की बात कही।

# हरित ग्राम योजना में मिश्रित खेती पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने को लेकर क्षेत्र भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** ग्रामीण विकास विभाग रांची के मीडिया प्रभारी पदाधिकारी सौरभ कुमार के द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना में मिश्रित खेती पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने को लेकर शिवराजपुर और बदरी पंचायत का क्षेत्र भ्रमण शुक्रवार को किया गया। इस क्रम में बद्री पंचायत में लाभुक चरवा उरांव के मिश्रित खेती देखा, जिसमें आम बागवानी के साथ-साथ कई सब्जी लगाए गए थे। इसके साथ ही क्या-क्या लगाया जा सकता है और कितने के आमदनी हुई पूरी चीजों की जानकारी भी लिया। वही अत्याधिक आमदनी को लेकर और खेती बारी को बेहतर बनाने को लेकर सुझाव भी दिए। बिरसा हरित ग्राम योजना लेने के बाद



आर्थिक स्थिति में किस प्रकार सुधार हुई और अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करते हैं सब की भी विस्तृत जानकारी लिया गया। इसके बाद शिवराजपुर पंचायत में भी मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण कर फोटो वीडियो बनायी गयी। बीपीओ बेबी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में बिरसा हरित क्रांति योजना अंतर्गत मिश्रित खेती करने वाले लोगों को चयनित विभाग द्वारा किया गया था, जिस पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाया जाना था जिसके आलोक में आज फोटो वीडियो ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा कराया गया है। मौके पर बीपीओ बेबी कुमारी, सहायक अभियंता रंजीत कुमार कनीय अभियंता पंकज कुमार, मुखिया फिरंगी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर शुक्रवार को बैठक बीडिओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2024-25 में कक्षा 6 एवं अन्य कक्षाओं में रिक्त सीटों में नामांकन लिया जाना है। यहां बता दें कि उप विकास आयुक्त के द्वारा पत्र भेज कर छात्राओं के नामांकन के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया था। इस दौरान बीडिओ ने पंचायत के मुखिया सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि गांव से गरीब बच्चियों का सूची उपलब्ध करायें ताकि नामांकन के लिए बच्चियों का चयन किया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडिओ दिनेश कुमार सहित कई विद्यालय के शिक्षक व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# झानद नेताओं ने वन संरक्षक से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने वन विभाग के वन संरक्षक से गुमला स्थित कार्यालय में मुलाकात कर 28 नवंबर 2023 को प्रदर्शन के जरिए दी गई मांग-पत्र पर कार्रवाई के बाबत जानकारी मांगी है। श्री सिंह ने गुमला रेंजर द्वारा वन विभाग की योजनाओं को प्राक्कलन को ताक पर रखकर जैसे तैसे अपने पॉकेट का योजना के माफिक जंगल से बालू व पत्थर उठाकर विभाग की योजना का काम कराने व गड़बड़ी करने पर कार्रवाई करने की भी आग्रह की है। वहीं वन क्षेत्र में हो रहे बॉक्साइट का अवैध उत्खनन इत्यादि मामले से भी वन संरक्षक को अवगत कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव प्रकाश उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पेड़-पौधों के संरक्षण को लेकर वन विभाग ने की ग्रामीणों के साथ बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला वन विभाग ने मलगो और बड़ा अजियातु गांव में पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को बैठक किया। बैठक में पेड़ पौधों के संरक्षण, अवैध वृक्षों की हो रही कटाई, अवैध अतिक्रमण, अवैध चराई, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, जीव जंतु संरक्षण जैसे कई विषयों को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। मौके पर विभाग के समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि पेड़ पौधों का संरक्षण करना और जंगलों को बचाना हम सभी का कर्तव्य है, जिम्मेवारी है। क्योंकि जंगल से पेड़ कटेगी तो जीव जंतु सहित मनुष्य जाति को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही जहरी चौबे ने कहा कि हमें मिलजुल कर वन की संरक्षण करने की जरूरत है। कोई भी लोग जंगलों में आग ना लगाए। इससे भी कई छोटे-छोटे जीव जंतु पौधो की हानि होती है। जब छोटे-छोटे पौधे ही नहीं होंगे तो वह बड़ा पेड़ कैसे बनेगा। वही ग्रामीणों ने जंगलों को बचाने को लेकर एक स्वर में नारा लगाया। मौके पर छोटन बड़ाइक, बादल राम, तेजू महतो, जतरा भगत सहित कई ग्रामण उपस्थित थे।

## हिंडाल्को ने 6 विद्यालयों में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

# 980 बच्चों की हुई जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हिंडालको चिकित्सक दल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गत 17 फरवरी से 23 फरवरी तक कुल 6 जांच शिविर बिशुनपुर के आवासीय विद्यालयों में आयोजित किए गये। जिनमें कुल 980 अध्यनरत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच की। ये शिविर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में लगाया गया। किसमें केजीबीवी बिशुनपुर 377, टाना भगत आवासीय विद्यालय, चापाटोली बिशुनपुर 206, आवासीय विद्यालय जोभीपाट 171, आवासीय विद्यालय सखूवापानी 93, आवासीय विद्यालय चौरापाट 73, आवासीय विद्यालय जेहनगुटुवा में 60 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किये गये। जांच शिविर में ऊंचाइ, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, स्किन, रिफ्रेक्टिव टेस्ट, औडियो मेट्री व अन्य सामान्य जांच किए गए। साथ ही सभी विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक भी किया गया।

# पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी को कर्मियों ने दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील ने जिले में अपना योगदान दिया । उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में निवर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक मो. वसीम अहमद एवं नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक ने अभय कुमार आवश्यक दस्तावेजों में हस्ताक्षर करते हुए योगदान सौंपने एवं ग्रहण करने की प्रक्रिया को पूर्ण की। ज्ञातव्य हो कि मो. वसीम अहमद को जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची के पद पर स्थानांतरित किया गया है । शुक्रवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना के कार्यालय में पुराने पदाधिकारी के सम्मान में विदाई तथा नए पदाधिकारी के स्वागत में



शॉल एवं बुके के साथ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी तथा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित जिले के बीईओ, बीपीओ, अभियंता, लेखपाल, सहित जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के कर्मी शामिल हुए ।

# शब-ए-बारात को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना परिसर में शुक्रवार को अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम नव पदस्थापित थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने शांति समिति के मेंबरों से परिचय प्राप्त करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुए। अधिकारियों ने आगामी शबे- ए - बरात त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाने का अपील किया । बैठक में अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सभी लोगों को शब- ए - बारात की शुभकामनाएं देते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। इस मौके पर अंचल निरीक्षक प्रकाश कच्छप, एसआई वीरू देव कुमार सिंह, कामु पासवान रामजतन साहू ओम सिंह अनिल असुर प्रमोद कुमार सुशील मुंडा दीपक साहू सहित कई मेंबर उपस्थित थे।

# समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट संस्था ने विवाह के लिए दी आर्थिक सहायता




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड अंर्तगत 23शिवनाथपुर पंचायत के पंडरनी गांव सिसई गुमला की रहने वाली निर्मला उरांव को समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट संस्था के द्वारा दो हजार रुपए शादी में सहयोग दिया गया। शुक्रवार को सहयोग राशि का यह चेक शिवनाथपुर मुखिया फ्लोरेंस लकड़ा एवं संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव संयुक्त रूप प्रदान किया। शिवनाथपुर पंचायत समन्वयक सीतामुनी उरांव के द्वारा सूचना मिलने पर समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट की टीम पहुंची और ग्रामीणों को जागरूक किया। मुखिया फ्लोरेंस लकड़ा ने कहा कि संस्था सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों की सहायता सराहनीय है। सचिव सुरेंद्र उरांव ने बच्चियों को कम उम्र में शादी के दुष्प्रभाव, प्रेम बाल विवाह से बचने के विषय में जानकारियां दी। कहा कि संस्था गरीब बेटियों की शादी में सहयोग कर रही है, लेकिन उससे पहले बेटों की तरह उच्च शिक्षा प्राप्त करें फिर शादी करें। मौके पर गुमला जिला समन्वयक राजेंद्र राम गोप, सिसई प्रखंड समन्वयक विराज उरांव, वार्ड सदस्य सीता देवी, एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# भाईचारा की परंपरा है गुमला की पहचान, उसे रखें बरकरार : भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** थाना परिसर गुमला में मुस्लिम धर्मवलामियों का पावन त्यौहार शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसमें अंजुमन इस्लामिया गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स विभिन्न समाज से जुड़े समाजसेवियों शांति समिति के सदस्य नगर परिषद के वार्ड सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू ने कहा कि शबे बरात के मौके पर शहर के विभिन्न मस्जिदों और घरों में मुस्लिम समुदाय के लोग रात्रि जाग कर विशेष नमाज अदा करते हैं, और स्वर्गवासी पूर्वजों व



संबंधियों के लिए कब्रिस्तानों में जाकर खास दुआ करते है। सदर अंजुमन ने मांग रखी कि इस त्योहार को लेकर मुस्लिम क्षेत्र में साफ सफाई करायी जाये। त्योहार के दिन काम से कम बिजली जलापूर्ति की कटौती न की जाये। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सुबह 5:00 से 8:00 तक 26 फरबरी को सिसई रोड एवं थाना रोड में बड़ी गाड़ियों का प्रवेश वर्जित किया जाये। साथ ही 25 फरवरी शबे बरात के दिन भी शाम से रात भर के लिए रांची लोहरदगा सिमडेगा एवं छत्तीसगढ़ जसपुर के तरफ से आने वाली बड़ी गाड़ियों तथा अन्य गाड़ियों का परिचालन के रूट में परिवर्तन करने की बात कही गई। इस मौके पर गुमला कब्रिस्तान के समीप कूड़ादान के पास कूड़ा रहने से कब्रिस्तान जाने आने वालों को कठिनाई का सामना होती है। उसे दुरुस्त करने का तथा हिंदू भाइयों के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भगवा झंडा जो झूला हुआ और नीचे है उसे ऊपर करने का अनुरोध हिंदू भाइयों से किया गया। इस मौके पर सदस्यों की बातों को सुनकर थाना प्रभारी देवेश कुमार भगत सीआइ मनीष कुमार सिन्हा पीएचइडी के एइ कृष्ण कुमार ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि जो मुद्दे लाये गये हैं संबंधित विभाग द्वारा उनका समाधान किया जाएगा। मौके पर निर्मल गोयल, विनोद कुमार, चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, शशि प्रिय बंटी, हिमांशु केसरी, विनोद अग्रवाल, अकील रहमान, आशिक अंसारी, शहजाद अनवर, सूरज प्रसाद साहू, मिनहाजुद्दीन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गिरकर जख्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसीर पुल पर बाइक सवार को पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में चुगलु घाघरा निवासी दीपक लकड़ा हेसाग रायडीह निवासी विकास लकड़ा और हेसाग रायडीह निवासी सल्वेशन लकड़ा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पुल से ऊपर लाया गया और एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल भेजा गया। जहां दीपक लकड़ा को इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं विकास और सल्वेशन का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।जानकारी के मुताबिक तीनों एक ही बाइक से कांसीर बाजार घूमने गए थे। वहीं वापसी के क्रम में कांसीर पुल पर एक अज्ञात वाहन पीछे से बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में तीनों बाइक सहित पुल के नीचे गिर गए। घटना में दीपक का एक पैर टूट गया वहीं उसके शरीर का कई हिस्से में चोट लगी है। जबकि विकास के पैर व शरीर में काफी चोट लगी है।

# योग परिवार का वार्षिकोत्सव कार्यकर्ताओं की बदौलत हुआ सफल : अशोक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** योग परिवार गुमला के स्थापना दिवस समारोह पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय योग परिवार गुमला द्वारा लिया गया था। सभी निर्धारित कार्यक्रम तय समय पर योग परिवार के सदस्यगण के सहयोग से सम्पन्न किया जा सका। इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा आगे भी सभी सदस्यों से है। इस कार्यक्रम की सफलता सदस्यों के सहयोग से ही मिली है। सभी सदस्यगण को घन्यावाद व उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक जयसवाल ने आभार प्रकट किया है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, विगत महीनों हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा की

# समन्वय बनाकर दुर्घटनाओं को कम करने की रणनीति पर काम करें अधिकारीः डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि जनवरी 2023 से लेकर अबतक जिले में कुल 276 सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें 225 लोगों की मृत्यु हुई है।

इस दौरान डीसी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की। बताया गया कि जनवरी 2023 से लेकर अबतक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजा का भुगतान किया गया है। वहीं 15 मामले बीमा कंपनी के स्तर से लंबित है। इसी तरह 2023 से अबतक गुड समैरिटन स्कीम के तहत कुल दो लोगों को लाभावित किया गया है जिसमें में शुक्रवार को एक लाभुक को डीसी ने पांच हजार का चेक सौंपा।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

### एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश

बैठक में डीसी ने डीटीओ व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जिले में चिन्हित किये गये कुल 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में आवश्यकतानुसार एंबुलेंस उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने जहां आवश्यकता है वहां साइनएज लगाने की भी बात कही। उन्होंने डीटीओ को हर माह सड़क सुरक्षा की बैठक कराने के निर्देश दिये। रोड सेफ्टी मैनेजर को पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक्सीडेंट प्रोन एरिया में सड़क दुर्घटना होने के क्या कारण है, इसे कैसे कम किया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में पेश करने पर बल दिया। इसी तरह आइआरएड सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री के लिए सभी संबंधितों को सक्रिय रहकर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का एंट्री समय पर करने का निर्देश दिया। इसके लिये उन्होंने सिविल सर्जन को सभी गैरसरकारी अस्पतालों से भी डेटा अपलोड करवाने का निर्देश दिया। इसके अलावे लगातार हेलमेट जांच व ट्रिपल राइडिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, छतरपुर एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्ल्यू उपस्थित थे।

# बच्चों से भरी डीएवी की स्कूल बस पलटी, दर्जनों घायल, कई गंभीर

### चालक पर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप

**बस में क्षमता से अधिक सवार थे बच्चे, विधायक ने डीएवी प्रबंधन के रवैया पर नाराजगी जताई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नबीनगर डीएवी स्कूल जा रही बच्चों से भरी बस शुक्रवार को गोगो ठेंगों गांव के समीप पलट गई। जिससे बस में सवार दर्जनों बच्चे चोटिल हो गए। उनमें से कुछ को गंभीर चोट लगी है। अभिभावकों का आरोप है की एक ही बस में दो बस जितने बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। बस का चालक भी शराब के नशे में था। उसे एक बार इसी वजह से हटाया भी गया था। जबकि प्रबंधन ने उसे पुनः रख कर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया है। अभिभावक डॉ एजाज आलम ने बताया कि उनकी बच्ची शरिया एजाज भी घायल है। इसके अलावा आयुष कुमारी, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी, नवाब अली, आरएन पाठक, शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी का इलाज नबीनगर के निजी क्लीनिक में किया गया। जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। उधर, घटना की सूचना पाकर नबीनगर पुलिस घटनास्थल पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक भागने में कामयाब रहा। वहीं, घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने क्षमता से अधिक बच्चों को बस में ले जाने और नशे के आदि चालक को स्कूल प्रबंधन द्वारा रखे जाने का कड़ा विरोध किया है। कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक मिलना चाहिए। उन्होंने घायल बच्चों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### सड़क हादसे में इंटर के परीक्षार्थी की मौत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कटैया मोड़ एनएच-98 पर गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से हरिहरगंज-सतगांवा निवासी एक किशोर की मौत हो गई। उसकी पहचान सूरज कुमार साव (18) के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि किसी दोस्त के बुलावे पर सूरज कौवाखोह गया था। वहां से घर लौटने के दौरान घटना घटित हुई ।मृतक इंटर साइंस का परीक्षार्थी था। वह चार भाई बहनों में बड़ा था। वहीं घटना की जानकारी के बाद बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय मेहता, चंदन प्रजापति, सूर्यान्शु सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उसके घर पहुंचे और शोक प्रकट किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विधायक के जिला प्रतिनिधी ने किया आहर का शिलान्यास



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के उच्चहारा और करार में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देश पर उनकी अनुपस्थिति में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने शुक्रवार को आहर जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया। प्रकाश मेहता ने कहा कि आहर के जीर्णोद्धार हो जाने से दर्जनों किसानों को फसल पटवन के लिए समुचित लाभ मिलेगा। कहा कि विधायक जी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। हर गावं कस्बे, टोले-मुहल्ले से लेकर मुख्य सड़क जोड़ने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार गरीबों के विकास व उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। उज्ज्वला योजना के तहत लाभुकों को निःशुल्क गैस, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय सहित कई लाभावित योजनाएं दी जा रही है। मौके पर सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, अखिलेश चंद्रवंशी, विनोद यादव, पत्रकार अमलेश ठाकुर, ज्ञानरंजन गुप्ता, राहुल कुमार, सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मनातू के नये प्रभारी ने संभाला पदभार



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी निर्मल उरांव के शुक्रवार को योगदान दिया। जिनका मनातू थाने के सभी कर्मियों ने बुके देकर स्वागत किया। पुलिस कर्मियों ने कहा कि नए प्रभारी के निर्देश में अपराधियों पर लगाम लगेगी और अवैध कार्यों को रोकने में सफलता मिलेगी। वहीं, थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा कि सभी के साथ मिलकर न्याय व्यस्था कायम करने की पूरी कोशिश करेंगें। कहा कि क्षेत्र में प्रेम, सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरूरी है। लोगों से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की। मौके पर उमर खा, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, श्रवण दास, विजय कुमार समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

### गोविंदपुर थाना परिसर में लगा जनता दरबार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर पुलिस व आम नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल व परस्पर सहयोग की भावना के बढ़ोतरी के लिए सभी थाना एवं ओपी परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गोविंदपुर थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक (नगर) अजीत कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों के साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद कुल 15 फरियादियों का आवेदन ग्रहण किया गया। सभी आवेदनों के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जनता दरबार मे पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 1) शंकर कामती, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद उपस्थित रहें।

### राशन घोटाला में दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने की मांग

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड यूथ फोर्स की ओर से जनसंपर्क अभियान चलाकर आंदोलन का आगाज कर दिया है। 29 फरवरी को जमुआ प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जमुआ के सभी युवा, मजदूर, किसान से अपील की जा रही है। इसके बाद इंदिरा गांधी मैदान में पहुंचकर रैली निकालकर जमुआ प्रखंड मुख्यालय में पहुंचकर कथित राशन घोटाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की जाएगी। झारखंड यूथ फोर्स के अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में 20, 384.25 क्विंटल बैकलॉग की राशन (जिसका कीमत लगभग 8 करोड़ 15 लाख 37 हजार रुपये है) जमुआ जेएसएफसी गोदाम में पहुंचाया जाए। दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाय।

# संतों की कोई जाति नहीं होती, वे समाज के मार्गदर्शक होते हैं : कामेश्वर

**हुसैनाबाद में मनाई गयी संत गाडगे की 148वीं जयंती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मैदान में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत व समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 148वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के वरीय नेता नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक छेदी बैठा और संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष सह समाजसेवी कृष्णा बैठा ने किया। अपने संबोधन में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संतो की कोई जाति नहीं होती। संत समाज के मार्गदर्शक होते है। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि संत गाडगे दलितों और वंचितों के पथप्रदर्शक थे। भाजपा नेता विनोद सिंह ने कहा कि सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों व अंधविश्वास को दूर भगाने में संत गाडगे का अहम योगदान रहा। वहीं, कर्नल संजय सिंह ने उपस्थित लोगों से उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शो पर चलने की अपील की। मौके पर जितेंद्र कुमार रजक, राजकुमार रजक, सुदर्शन बैठा, रामेश्वर राम, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, अजय गुप्ता, चंदन रजक, सुदेश्वर राम, लालधान ठाकुर, पुनीत राम जयश्री बैठा, प्रमोद रजक, जनेश्वर बैठा, सत्यम रजक आदि मौजूद थे।



जयंती समारोह में उपस्थित गणमान्य लोग।

# सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान 18 बाइक जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय चेक नाका पर एसआई सुधांशु शेखर ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जांच अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 बाइकों के कागजातों और हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने 18 बाइक का चालान काटा गया। इसकी जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गई। उन्होंने हेलमेट लगाने के साथ ही सभी चालकों को आवश्यक कागजात लेकर चलने का निर्देश दिया है। कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी चलता रहेगा।



### संत मरियम के छात्र आयुष को मिला मुकाम, प्रबंधन ने किया सम्मानित

# कड़ी मेहनत और लगन से हासिल कर सकते हैं मुकाम : अविनाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीवन में कुछ कर गुजरने की जिद और हौसला बुलंद हो तो मंजिल मिल ही जाती है। इसे चरितार्थ कर दिखाया है संत मरियम स्कूल के छात्र आयुष कुमार सिंह ने, जो अपने बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए अब तक कई अवार्ड व फोटोग्राफि प्रतियोगिता में अव्वल आ चुके है। आयुष पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है। उनकी सफलता, जोश और जज्बे को देखते हुए शुक्रवार को संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में चेयरमैन अविनाश देव द्वारा सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि आयुष पाटन प्रखंड के पाल्हे गांव का रहने वाले हैं, जो अपनी 10वीं तक की पढ़ाई संत मरियम विद्यालय से ही की है। इसके बाद उन्होंने पुणे एमआइटी डब्ल्यूपीयू कॉलेज से फोटोग्राफी में डिप्लोमा किया। इसके बाद अपने कैमरे को लेकर जंगल की ओर निकल पड़े और अलग-अलग पशु-पक्षी, जीव-जंतुओं की ली हुई बेहतरीन तस्वीर को लोगों ने काफी प्रशंसा की। उस तस्वीर का इस्तेमाल अलग-अलग जगहों पर किया जा रहा है। इस अवसर पर चेयरमैन अविनाश देव ने आयुष को बधाई देते हुए बच्चों को संदेश दिया कि पढ़ लिखकर हम सिर्फ डॉक्टर इंजीनियर ही नहीं बनेंगे। बदलते परिदृश्य के अनुसार हम सभी को भी बदलना होगा। कड़ी मेहनत व लगन से हर मुकाब हासिल किया जा सकता है। अभी के समय में सफल होने के लिए अनेकों कैरियर ऑप्शन है। मौके पर आयुष के पिता संजय सिंह, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव आदि मौजूद थे।



संत मरियम स्कूल के पूर्व छात्र आयुष को सम्मानित करते अविनाश देव।

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No. 317651 Dated 01.02.2024**
**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 335/2023-24** दिनांक :- 23.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KOD-06 / 2023-24 | जयनगर | 1 | आर०ई०ओ० पथ से चेहाल भाया चन्द्रपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.400 कि०मी०) | 1129.964 | ग्यारह करोड़ उनतीस लाख छियानवे हजार चार सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | जयनगर | 2 | चक से तमाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4.150 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | 3 | महतो अहरा गझरी रोड से भुण्डो पी०डब्ल्यू०डी० रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | 4 | नावाडीह फुटानी चौक से चन्दवारा आर०डब्ल्यू०डी० तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | | जोगीडीह से हरिनों तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.300 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | | पी०डब्ल्यू०डी० पथ बाराडीह मोड़ से बाराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.000 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | | चन्दवारा से पहरीडीह (चैनेज – 5.40 कि०मी० से 6.70 कि०मी०) तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–27.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 06.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–07.03.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

**PR 320211 Rural Work Department(23-24).D**

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

## कार्यालय-जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग- 825301
Email Id.- dsehazaribagh4@gmail.com

पत्रांक–439 दिनांक–22.02.2024

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण संख्या–01 / 2023–2024**

1. निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम :– जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–28.02.2024, अपराह्न 2 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–01.03.2024, अपराह्न 5 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–02.03.2024, अपराह्न 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय, हजारीबाग
6. योजना का नाम :– किचेन–सह–स्टोर मरम्मति कार्य

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड का नाम | विद्यालयों की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SADAR | 39 | 2619363.00 | 52400.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 2 | DARU | 25 | 1920280.00 | 38500.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 3 | BARKATHA | 15 | 750711.00 | | | |
| | CHALKUSHA | 11 | 658267.00 | | | |
| | | | 1408978.00 | 28200.00 | 2500.00 | 1 MONTH |
| 4 | KATKAMDAG | 11 | 632196.00 | | | |
| | KATKAMSANDI | 11 | 571761.00 | | | |
| | | | 1203957.00 | 24100.00 | 2500.00 | 1 MONTH |
| 5 | BARKAGOAN | 28 | 2222680.00 | 44500.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 6 | KEREDARI | 24 | 1945362.00 | 39000.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 7 | CHURCHU | 37 | 2748491.00 | 55000.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 8 | DARI | 12 | 912017.00 | 18300.00 | 2500.00 | 1 MONTH |
| 9 | BISHNUGARH | 44 | 3314428.00 | 66300.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 10 | PADMA | 16 | 1014912.00 | | | |
| | ICHAK | 22 | 1295555.00 | | | |
| | | | 2310467.00 | 46300.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 11 | CHOUPARAN | 20 | 698070.00 | | | |
| | BARHI | 21 | 948419.00 | | | |
| | | | 1646489.00 | 33000.00 | 5000.00 | 1 MONTH |
| 12 | TATIJHARIYA | 39 | 2734014.00 | 55000.00 | 5000.00 | 1 MONTH |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 320256 School Education and Literacy (23-24)_D

## वाम जनवादी संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका



सिंदरी (आजाद सिपाही)। कृषि कानून वापसी को लेकर चले 13 महीने के किसान आंदोलन की समाप्ति पर केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादों को लागू नहीं करने के खिलाफ किसान फिर से आंदोलन कर रहे हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर पुलिस-किसानों में संघर्ष हो रहा है। जिसमें शुभकरण सिंह (23) नामक एक युवक की मौत भी हो चुकी है। इसके खिलाफ किसान आंदोलन के देशव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को मजदूर-किसानों ने काला दिवस मनाया। किसान आंदोलन के समर्थन में शुक्रवार को सिंदरी में वाम जनवादी संघर्ष समिति की ओर से सहरपुरा भुजा चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौके पर माकपा सिंदरी-बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, शाखा सचिव गौतम प्रसाद, मासस के सिंदरी नगर सचिव राजीव मुखर्जी, सुरेश प्रसाद, सीपीआई-एमएल के विमल रवानी आदि मौजूद थे।

### अश्लील वीडियो कॉल करके वीडियो बनाने के बाद करते थे ब्लैकमेल

# सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

**पिछले पांच महीने में 201 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी पुलिस**

### दो के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग थानों में दर्ज हैं मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में साइबर अपराधियों पर पुलिस ने नकेल कस दी है। एसपी की निरंतर कार्रवाई के चलते साइबर अपराधी लगातार पकड़े जा रहे हैं। गिरिडीह पुलिस ने फिर एक बार सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो ऐसे शातिर साइबर अपराधी हैं, जिनकी तलाश देश भर की पुलिस को थी। उक्त जानकारी एसपी दीपक शर्मा ने दी। वे शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया की प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के पंदनिया में फर्जी सिमकार्ड का उपयोग कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। उक्त सूचना के आलोक में डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन व जितेंद्रनाथ महतो शामिल थे। टीम ने अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के पंदनिया गांव में छापामारी कर सभी सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कजरो निवासी इश्तियाक अंसारी, बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी टिंकू मण्डल और गणेश प्रसाद, राजधनवार थाना क्षेत्र के ढाब निवासी मोजाहिद अंसारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनैयडीह का रोहित कुमार राणा के साथ देवघर जिले के कसियाटांड़ निवासी अशरफ अंसारी और रजाउद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 41 मोबाइल फोन, 52 सिमकार्ड, चार एटीएम कार्ड, चार बाइक, तीन आधार कार्ड और दो पैन कार्ड बरामद किया हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी गूगल सर्च इंजन पर फर्जी कूरियर कंपनी का नंबर डालकर लोगों के खाते से पैसे उड़ाते थे। साथ ही लोगों को अश्लील वीडियो कॉल कर उसका वीडियो रिकॉर्डिंग कर उन्हें ब्लैकमेल कर उनसे पैसे ऐंठते थे। उन्होंने बताया कि इनमें दो ऐसे शातिर साइबर अपराधी है। जिनके खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों के थानों में कई मामले दर्ज हैं। ये दोनों अपराधी जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी टिंकू मंडल और गणेश प्रसाद हैं। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार विगत पांच महीने में गिरिडीह जिला अंतर्गत साइबर अपराधियों के विरुद्ध गिरिडीह एसपी द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है जिसमें अब तक 201 की गिरफ्तारी, 494 मोबाइल फोन जब्त, 648 सिम, 220 एटीएम पासबुक, 10 चेक बुक, 26 पैन कार्ड, 35 आधार कार्ड, 36 वाहन, 3 आईपैड, 3 लैपटॉप और नगद 14 लाख 37 हजार 310 रुपया बरामद हुआ है।



संवाददाता सम्मेलन कर अपराधियों की जानकारी देते एसपी दीपक शर्मा व अन्य।

# जर्जर सामुदायिक भवन में डर के साये में महिलाएं प्रशिक्षण लेने को हैं मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और झारखंड सरकार की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजिविका संवर्धन, स्वरोजगार के क्षेत्र और पलायन रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्य धनबाद जिला अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो, तिलैया, बिराजपुर, खरणी, आसनबनी और कुलबेड़ा आदि पंचायतों में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के माध्यम संचालित हो रहे हैं। विभागीय स्तर से आजिविका संवर्धन के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन स्वयं सहायता समूह आसनबनी क्लस्टर-1 साधोबाद जहां छह पंचायतों के 350 समूह, जिसमें लगभग 3500 सुदूरवर्ती महिलाओं को साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मति के अभाव में समूह के पदाधिकारी सीआरपी और महिलाएं डर के साये में प्रशिक्षण लेने के लिए मजबूर है। सामुदायिक भवन की छत दीवार के प्लास्टर गिरते रहते हैं। खिड़की-दरवाजे सब टूट चुके हैं। बिजली-पानी की भी सुविधा नहीं है। दूर सुदूरवर्ती गांव मरिचो, तिलैया, बिराजपुर, खरणी, आसनबनी और कुलबेड़ा आदि छह पंचायतों से महिलओं को अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी लेकर आना पड़ता है। सामुदायिक भवन के प्लास्टर छज्जा गिरने की संभावनाएं बनी रहती है। इसकी सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर धनबाद ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के सीइओ और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पदाधिकारियों को सूचित कर साधोबाद खरणी पंचायत के सामुदायिक भवन की मरम्मति अतिशीघ्र करवाने की मांग की गई है। रंजीत महतो ने मांग किया है कि ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालक अभियंता से भवन की प्राक्कलित तैयार कर 15वीं वित्त आयोग के फंड निधि से अतिशीघ्र मरम्मति करायें, ताकि किसी प्रकार के अनहोनी से बचा जा सके।



**कार्यालयः जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखा सहायक, कम्पयूटर सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दक्षत परीक्षा दिनांक–03.03.2024 को हिन्दु हाई स्कुल, हजारीबाग में पूर्वाहन् 12:00 बजे से ली जायेगी। दक्षता परीक्षा हेतु पदवार/कोटिवार पाँच गुना अभ्यर्थियों की सूची जिले के बेवसाईट www.hazaribagh.nic.in पर देखा जा सकता है। दिनांक–29.02.2024 को अभ्यर्थियों के दक्षता परीक्षा हेतु एडमिट कार्ड जिले के बेवसाईट www.hazaribagh.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी अपने साथ एडमिट कार्ड फोटोयुक्त, आधार कार्ड के साथ परीक्षा केन्द्र में पूर्वाहन् 11:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उप विकास आयुक्त हजारीबाग

PR 320137 (Rural Development)23-24*D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**
(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**-:पुनः अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अन्तर्गत हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बादम में गुड उत्पादन एवं पैकेजिंग सेन्टर के अधिष्ठापन कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/03/2024 समय 2.00 अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04/03/2024 समय 3.00 अपराहन्।
4. निविदा खोलने का स्थान :– उप विकास आयुक्त–सह–मु0का0पदा0जि0प0, ह0बाग।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 320130 (District) 23-24 (D)

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लिए लगाया गया शिविर, मिले 49 आवेदन



**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत बेरमो प्रखंड के सभी पंचायतों में चार दिवसीय (20 से 23 फरवरी) शिविर आयोजित हुआ। जिसमें बैदकारो पूर्वी के पंचायत भवन में लगे शिविर में पहले दिन से शुक्रवार तक लगभग 49 आवेदन प्राप्त हुए। बैदकारो पूर्वी की मुखिया सीमा महतो एवं बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस योजना से सभी वर्ग की महिलाएं लाभांवित हो सकती है। जिनकी आयु 50 से 59 वर्ष है। वहीं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य किया गया हैं। लेकिन महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन के लिए आधार कार्ड की छाया प्रति वोटर कार्ड की छाया, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाता की छाया प्रति देना आवश्यक होगा। शिविर में उप मुखिया गुड़िया रानी, पंचायत सेवक अनामिका गुप्ता, वार्ड सदस्य मंजू देवी, सोनी देवी, उषा देवी, यशोदा देवी, नैयर हुसैन, बीएलओ सह सेविका बेला देवी, लता देवी, उषा देवी, सविता देवी मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, राजेश महतो और राधेश्याम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### महिला समिति संचालित विद्यालय के बच्चों ने किया जैविक उद्यान-जगन्नाथ मंदिर का भ्रमण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** महिला समिति द्वारा संचालित दो विद्यालय सौरभ शिशु मंदिर एवं बालमंदिर के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को सेक्टर-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर और नेहरू जैविक उद्यान का भ्रमण किया। जिसका आयोजन महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के मार्गदर्शन और सचिव वंदना झा के नेतृत्व में हुआ। इसमें कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के कुल 260 छात्र-छात्राऐं औक 14 शिक्षक ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। महिला समिति की उप सचिव और विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने बताया की इस प्रकार के आयोजन बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहयोग और उनके सामान्य ज्ञान को भी विकसित करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद, नृत्य, गान सहित अन्य मनोरंजक गतिविधियां संपन्न हुई।

### पोषण सखियों ने की आंदोलन की तैयारी

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** उच्च विद्यालय मैदान में प्रखंड के पोषण सखी चंदना कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की गई। पोषण सखियों ने कहा कि छह साल सेवा लेने के बाद अचानक सेवानिवृत कर देना एक अमानवीय कर्तव्य है। सभी पोषण सखी सरकार की सभी योजनाओं को संचालित करने में सहयोग करते आई है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय भी जन सेवा की है। बावजूद इसके उनकी उपेक्षा की जा रही है। सखियों ने सरकार से पुर्नबहाली की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। सबसे पहले सभी विधायकों को मांग पत्र सौंपा जाएगा। फिर सभी प्रखंडों में और सभी जिला मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। उसके बाद विभागीय मंत्री से मिलेंगीं। मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी मांगपत्र सौंपा जाएगा। इसके बाद भी सरकार ने मांगों पर विचार नहीं किया तो विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टियों को सबक सिखाया जाएगा। वहीं, प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने भी पोषण सखियों की मांग को जायज कहा। साथ ही अविलंब पोषण सखियों की सेवा को बहाल करें। मौके पर जिला अध्यक्ष रूबिया खातून, झरना धीवर, आशा, रेखा, चायना, नमिता, सरिता, सीमा, संगीता, धननंती, फूलकुमारी, गुड़िया, सजूला, उर्मिला, शोभारानी, पिमोली, बंदना, बेबी, चीनू, माधुरी, बसंती, गुलाबी, विश्वकर्मी, कविता, शक्ति, पार्वती, चांदनी, रीता, अलका, वीना, काजल, ज्योति, ममता, पांचाली आदि उपस्थित थीं।

### गोविंद बाबू हमारे प्रेरणास्रोतः सचिन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** माराफारी पंचायत स्थित गोविंद विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी स्व गोविंद महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उनके सुपौत्र सह आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में स्व गोविंद महतो की अहम भूमिका रही थी। स्व विनोद बिहारी महतो और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के साथ मिलकर झारखंड आंदोलन को दिशा एवं रूप रेखा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए थे। उन्होंने जीवन भर आम लोगों की सेवा करते हुए शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। जिस वजह से उनकी पहचान पूरे कोयलांचल में एक बड़े आंदोलनकारी के रूप में उभरी थी। जिस उद्देश्य से गोविंद बाबू ने बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना में सहयोग किया वह वर्तमान में पूर्ण होता दिख नहीं रहा हैं। इस मौके पर हरीश चंद्र महतो, मुखिया बासुकी देवी, पंसस कल्याणी देवी, उप मुखिया अजय गोस्वामी, वार्ड सदस्य मुन्ना ओझा, पिंकी देवी, मीना देवी, सुमित्रा देवी अशोक पांडे, शिवनारायण दूबे, सूरज डिगार, रमेश सिंह आदि मौजूद थे।

## सीएपी संचालक से लूट का पांचवां आरोपी भी गिरफ्तार

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** बगोदर थाना क्षेत्र के औरा अरगडीहा के निकट विगत दिनों सीएसपी संचालक से हुए दो लाख 40 हजार रुपये की लूट के मामले में फरार पांचवें अपराधी नूर मोहम्मद को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से सीएसपी संचालक से लूटी गई बाइक के साथ ही रुपए भी बरामद कर लिया है। शुक्रवार को एसपी दीपक शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन कर उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में नूर मोहम्मद ने अपना अपराध स्वीकार किया है। नूर मोहम्मद बगोदर थाना इलाके के बेको गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सीएसपी संचालक से पांच अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि घटना के कुछ देर बाद ही पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दो अपराधियों को दबोच लिया था। दोनों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर तीन और अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। एसपी ने एक और मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि एसडीपीओ के नेतृत्व में बगोदर थाना पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर हजारीबाग के विष्णुग्गढ निवासी रामलाल मरांडी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विगत 12 फरवरी को बगोदर थाना पुलिस ने पहले एक होटल से देशी पिस्तौल के साथ दाऊद अंसारी को दबोचने में सफल रही। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दाऊद को पकड़ा था। पूछताछ में दाऊद ने स्वीकार किया कि अपने सात साथियों के साथ किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए होटल में रूका था। जिसमें राम लाल मरांडी भी शामिल है। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने रामलाल मरांडी को भी गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी की जानकारी देते एसपी।

### कहा- इस योजना के लिए अब तक मिल चुके हैं चार लाख से अधिक आवेदन

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठायें : पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रांगाटांड स्थित रेलवे ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को एमएसएमई विकास कार्यालय की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ (पीएन) सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। कहा कि यह स्वनियोजन के साथ दूसरे लोगों को रोजगार देने वाली योजना है। केंद्र सरकार ने योजना के लिए 13000 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान रखा है। योजना के लिए अब तक चार लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें 18 तरह के परंपरागत ट्रेड का चयन किया गया है। वहीं, धनबाद एमएसएमई के सहायक निदेशक सह कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टेकहोल्डर्स को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं उनके प्रश्नों का समाधान करना है। वहीं, सहायक निदेशक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू, गुड़िया और खिलौने, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले सहित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500 रुपए प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा। साथ ही प्रशिक्षण के बाद टूल किट के लिए 15 हजार रुपये ई-वाउचर के रूप में मिलेंगें। प्रथम चरण में एक लाख रुपए तक का ऋण और द्वितीय चरण में दो लाख रुपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 फीसदी ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर एमएसएमई रांची के सहायक निदेशक सुजीत कुमार, संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव, रांची एसएलबीसी के डीडीएम अनिल जगदीश यादव, एलडीएम अमित कुमार, रांची सीएससी के वरिष्ठ प्रबंधक शशी शंकर शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त आदि मौजूद थे।



कार्यशाला का शुभारंभ करते सांसद पशुपतिनाथ सिंह व अन्य।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**
(जिला निर्वाचन शाखा)

**–: बोलेरो वाहन मासिक किराए पर रखने संबंधी अति अल्पकालीन द्वितीय पुर्न निविदाः–**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4070/राँची दिनांक 03.10.2023 के आलोक मे कार्यालय आदेश ज्ञापांक 397/निर्वा० दिनांक 07.12.2023 द्वारा कार्यालय हेतु बोलेरो वाहन मासिक किराया पर रखने हेतु आमंत्रित निविदा सफल नहीं होने के फलस्वरूप जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित कार्यों के प्रभावी ढंग से संपादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग के लिए बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित बाह्य स्त्रोत के आधार पर माह दिसम्बर 2024 तक रखने हेतु पुर्न निविदा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा (स्थित समाहरणालय भवन, कोडरमा) में आमंत्रित किया जा रहा है।

अतः इच्छुक एजेंसी जो संलग्न निविदा शर्त के अनुरूप बोलेरो वाहन, चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक हो वे अपना निविदा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में दिनांक 05/03/2024 के पूर्वाहन 11.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उक्त तिथि को ही अपराह्न 01:00 बजे समाहरणालय सभाकक्ष, कोडरमा (समाहरणालय भवन, कोडरमा) में खुलेगी जिसमें निविदादाता / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 320192 Election(23-24)D

**कार्यालय, अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा**

**अति अल्प कालीन इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना**

कोडरमा जिले में कृषि कार्य एवं किसानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023–24 में DMFT मद अंतर्गत Solar Mobile Pump Set 1 HP with Specified Accessories आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन करने के लिए सिर्फ दर निर्धारण हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | योजना का नाम व अवयव | कार्य समाप्ति की अवधि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Solar Mobile Pump Set 1 HP Supply for All Farmers/SHG Group/FPO Under Koderma District<br>A) 1 HP DC Intelligence pump set Certified from MNRE<br>B) 2.2 Kw IP65 MPPT Controller Keypad : Separated Test Report Required for Controller in Form of Annexure-E & Solar Pump Test Report (Circular No. F. No. 41/3/2018 -SPV Division dated 17-07-2019 of MNRE Specification/testing procedure for Solar PV water Pumping System)<br>C) Parameter Copy & Paste & all kind of Protection function with RMS system<br>D) BIS Certified Solar PV module 330WP X 3<br>E) Mobile Robotic Structure with 4 wheel mounted approved & Certified<br>F) 5 Years Hand Holding Support<br>G) 2 Days training for Care taker to give therefirst hand training for Operation the System hence to be Installed. | 30दिन | 1,00,000/– रूपए (एक लाख रूपए मात्र) |

जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन करने के लिए दर निर्धारण हेतु दिनांक–04.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में इच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी एवं वित्तीय बीड के साथ अलग–अलग आमंत्रित की जाती है। प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति नियमानुसार खोली जाएगी। निविदादाताओं को निविदा संबंधित सभी शर्त्तों (उत्पाद की विशिष्टयों का एवं तकनीकी शर्त्तों) का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

नोट :– विस्तृत जानकारी हेतु शर्ते एवं प्रारूप कोडरमा जिला के NIC वेबसाइट पर Koderma.nic.in एवं ATMA के वेबसाइट atmakoderma.org.in पर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

PR 320162 Agriculture (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### राहुल ने सीट शेयरिंग को लेकर उद्धव को फोन किया

नयी दिल्ली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर आइएनडीआइए में शामिल शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे से बातचीत की। राहुल ने गुरुवार को उद्धव को फोन किया और करीब एक घंटे बात की। महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं। राज्य में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस महाविकास अघाड़ी अलायंस के तहत एक साथ हैं। तीनों पार्टियों के बीच 40 पर सहमति बन गयी है।

### सुसाइड नोट लिख छात्र फंदे से लटका

कन्नौज। क्या फायदा ऐसी डिग्री का, जो एक नौकरी न दिला सकी। हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई। इसलिए हमारा मन भर गया है। छात्र ने सुसाइड नोट लिखने के बाद अपने सारे शैक्षिक प्रमाण पत्र जला दिये। इसके बाद कमरे में बहन के दुपट्टे को फंदा बनाकर जान दे दी। कन्नौज जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़पुर्वा सहजापुर निवासी ब्रजेश पाल (25) बीएससी कर चुका था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

## एम्स भुवनेश्वर में मृत लड़की के परिजनों ने लीवर दान किया

- 14 साल की बच्ची ने अज्ञात को बचाने के लिए लीवर दान किया
- लिवर को ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से आईएलबीएस नई दिल्ली पहुंचाया गया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर में प्रत्यारोपण सेवाओं को जारी रखते हुए, राष्ट्रीय संस्थान ने मृत दाता से अंग प्राप्त करने में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। पहली बार एम्स भुवनेश्वर के सर्जनों ने एक 14 वर्षीय लड़की से लीवर एकत्र किया, जिसे आईसीयू में ब्रेन स्टेम डेथ घोषित कर दिया गया था। अंग को आज शाम आईएलबीएस, नई दिल्ली ले जाया गया। इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गयी।

बहादुर माता-पिता बनिता और दुखबंधु महंत की बेटी, जो मूल रूप से क्योंझर जिले की रहने वाली हैं और वर्तमान में भुवनेश्वर में रहती हैं, क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित थीं और पिछले कुछ महीनों से डायलिसिस पर थीं। हाल ही में उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ और उन्हें 15 फरवरी को एम्स भुवनेश्वर के मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया। इसके बाद वह कोमा में चली गयी और वेंटिलेटर पर थीं। सुधार के कोई लक्षण नहीं दिखने पर, एपनिया परीक्षण की श्रृंखला करने के बाद एम्स भुवनेश्वर की विशेषज्ञ समिति द्वारा बच्ची को ब्रेन स्टेम डेथ घोषित कर दिया गया। इस अपूरणीय क्षति को जानकर, बच्ची के बहादुर माता-पिता मानवता की उच्चतम डिग्री दिखाने के लिए आगे आये और किसी अन्य व्यक्ति की जान बचाने के लिए अपनी बेटी के अंगों को दान करने की सहमति दी। ब्रेन स्टेम की मृत्यु की घोषणा के बाद विशेषज्ञ सर्जनों ने उसका लीवर पुनः प्राप्त कर लिया। पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे एम्स, भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने महान मानवीय भाव के लिए बहादुर माता-पिता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने पहले मृत दाता अंग पुनर्प्राप्ति को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय संस्थान की पूरी प्रत्यारोपण टीम को बधाई दी। 14 साल की लड़की ने मानवता के एक बड़े उद्देश्य के लिए समाज के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। डॉ. बिस्वास ने कहा, उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। एम्स भुवनेश्वर हमेशा नए दृष्टिकोण के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय संस्थान जीवित दाताओं से गुर्दे का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक चला रहा है। डॉ. बिस्वास ने कहा, यह कदम एम्स में संपूर्ण लिवर प्रत्यारोपण प्रक्रिया को बढ़ावा देगा। इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. श्रीकांत बेहरा ने सहमति समेत पूरी प्रक्रिया का समन्वय किया. गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के संकाय डॉ. ब्रुम्हदत्त पटनायक सर्जरी टीम में थे। बनिता और दुखबंधु की आंखों में थमने वाले आंसू दुखी माता-पिता के दुख को साफ तौर पर व्यक्त कर रहे थे. ऐसी दुखद स्थिति के बावजूद अज्ञात की जान बचाने के लिए बनिता और दुखबंधु दोनों ने अनुकरणीय साहस दिखाया है।

## 26 को पीएम 41,000 करोड़ रुपये की रेलवे पुनर्विकास परियोजना का शिलान्यास करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देश के रेलवे बुनियादी ढांचे को बदलने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2024 को 41,000 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ 554 रेलवे स्टेशनों और 1500 आरओबी/आरयूबी परियोजनाओं के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा में 21 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखा जायेगा, जिनकी अनुमानित लागत कुल 900 करोड़ रुपये है। इस सूची में बिमलागढ़, जरोली, रायरंगपुर, पानपोस, बालेश्वर, बेतनटनी, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, टिटिलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पारलाखेमुंडी, कोरापुट, जयपुर, तालचेर, रघुनाथपुर, पारादीप, क्योंझरगढ़, भद्रक, बेलपाहाड़ और ब्रजराजनगर जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व तट रेलवे जोन के भीतर, जिसमें आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के कुछ हिस्से भी शामिल हैं, 790 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत के साथ 22 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखी जायेगी।

ये स्टेशन हैं नउपड़ा, सिंहचलम, बब्बिली, श्रीकाकुलम रोड, पार्वतीपुरम, चिपुरुपल्ले, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, टिटलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पारलाखेमुंडी, कोरापुट, जयपुर, तालचेर, रघुनाथपुर, पारादीप, केंदुझारगढ़, भद्रक, आराकू, कोट्टावलसा और इच्छापुरम है। ओडिशा को बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिल रहा है और कुल 52 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जाना तय है। इनकी कुल परियोजना लागत 1420 करोड़ रुपये है। अकेले पूर्व तट रेलवे क्षेत्र में 1288 करोड़ रुपये की कुल लागत से 30 आरओबी/आरयूबी विकसित करने का लक्ष्य है। अमृत स्टेशनों के पुनर्विकास परियोजना में स्टेशन की पहुंच में सुधार, एयर कॉनकोर्स , व्यापक फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), प्रतीक्षा क्षेत्र, शौचालय सुविधाएं, लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना और बढ़ी हुई सफाई का वादा किया गया है। इसी तरह, आरओबी/ आरयूबी परियोजनाओं का लक्ष्य जनता को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना।

## कोडरमा लोकसभा का भाजपा लाभार्थी सम्मेलन संपन्न



**धनवार।** कोडरमा लोकसभा का भाजपा लाभार्थी सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम धनवार के सिद्धिविनायक वाटिका में किया गया। जहां कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पढ़ने वाले सभी लाभार्थियों से संपर्क करने की बात कही गयी है और मोदी जी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है और उनसे संपर्क कर चुनाव में उनका सहयोग लेना है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा के प्रभारी कालीचरण सिंह पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह, अशोक उपाध्याय गिरिडीह भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे कोडरमा जिला अध्यक्ष और कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा, उदय सिंह, पवन साहू तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष गण जिला पदाधिकारी गण मंडल प्रभारी और अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित हुए।

## वेदांता एल्युमीनियम ने सुंदरगढ़ में मुफ्त पेयजल सुविधा शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्षेत्र में गर्मियों की शुरूआत के कारण, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ बस स्टैंड पर पीने के पानी की सुविधा स्थापित की है, जिससे अधिक लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। रणनीतिक रूप से व्यस्त बस स्टैंड पर स्थित, यह पहल सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता को पूरा करती है। नव स्थापित पेयजल सुविधा वेदांत एल्युमीनियम की कई पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य जिले में स्वच्छ पानी और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना का उद्घाटन सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे ने किया। स्थानीय निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, वेदांता एल्युमीनियम की खदान टीम ने पहले जामखानी, गिरीसिमा और मेंद्रा के गांवों में पीने योग्य पानी के बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं को लागू किया है, जिससे स्वस्थ रहने की स्थिति को बढ़ावा मिलता है। पिछले साल, वेदांता एल्युमीनियम ने एक आयोजन किया था। ओडिशा के रायगढ़ा बस स्टैंड पर दो सप्ताह तक चलने वाला जल सेवा शिविर जहां कियोस्क ने पीने के पानी और नींबू पानी की पेशकश की, जिससे 65,000 से अधिक लोगों को गर्मी से राहत मिली।

सुंदरगढ़ प्राइवेट बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन सारंगी ने पेयजल उपलब्ध कराने की वेदांता की पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुफ्त में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पहल से यात्रियों को बहुत फायदा होगा। मैं वेदांता को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। वेदांता एल्युमीनियम का माइंस व्यवसाय शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और जमीनी स्तर के खेल और संस्कृति के क्षेत्रों में केंद्रित हस्तक्षेपों के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी कई पहलों में से एक है वेदांत नंद घर, जो आधुनिक आंगनबाड़ियां हैं जो समग्र सामुदायिक विकास के लिए जीवंत केंद्रों के रूप में कार्य करती हैं, बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा और बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और उचित पोषण प्रदान करती हैं। वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का व्यवसाय है, जो भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 2023 में भारत के आधे से अधिक यानी 2.29 मिलियन टन एल्यूमीनियम का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग होता है। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसकी अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए भविष्य की धातु के रूप में एल्यूमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

## एनसीपी शरदचंद्र पवार को चुनाव आयोग ने दिया सिंबल

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार को नया चुनाव चिह्न दे दिया। चुनाव आयोग ने पार्टी को तुरही बाजाता हुआ आदमी का सिंबल पार्टी को अलॉट किया है। पार्टी लोकसभा चुनाव में इसी सिंबल पर चुनाव में उतरेगी। शरद पवार ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। चुनाव आयोग ने 6 फरवरी को अजित गुट को असली एनसीपी बताते हुए शरद पवार गुट को एनसीपी शरदचंद्र पवार नाम दिया था।


बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569


## टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी की मांग पर संदेशखाली में लोगों का फिर उग्र प्रदर्शन

- लाठी-डंडे और झाड़ू लेकर सडक पर उतरीं स्थानीय महिलाएं
- गुस्सायें लोगों ने टीएमसी नेताओं की संपत्तियों में आग लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को गुस्सायें स्थानीय लोगों ने महिलाओं के यौन शोषण और जबरन जमीन कब्जाने के आरोपित टीएमसी नेताओं की संपत्तियों में आग लगा दी। भीड़ ने स्थानीय टीएमसी नेताओं के घरों में भी तोडफोड़ की। स्थानीय महिलाएं हाथों में लाठी-डंडे व झाड़ू लेकर सडक पर उतर गईं। उन्होंने फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख व उसके भाई सिराजुद्दीन शेख की गिरफ्तारी की मांग पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि कल भी लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया था। इसके अलावा पुलिस ने धारा 144 का हवाला देकर प्रदेश भाजपा के महिला मोर्चा की सदस्यों को धामाखाली में संदेशखाली जाने से रोक दिया। पुलिस ने महिला मोर्चा की टीम का नेतृत्व कर रही सांसद लाकेट चटर्जी को हिरासत में ले लिया।

### तनावग्रस्त संदेशखाली पर चुनाव आयोग को भेजी जा रही दैनिक रिपोर्ट

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग बंगाल के तनावग्रस्त संदेशखाली के घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने वहां के घटनाक्रम पर नई दिल्ली में आयोग के मुख्यालय को दैनिक रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 28 फरवरी को सीईओ कार्यालय के शीर्ष अधिकारी दो जिलों, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।


Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## केंद्रीय विवि में आदिवासी छात्रों के लिए फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे द्वारा ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजाति छात्रों के लिए 15-दिवसीय शुल्क-मुक्त फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम का समापन 23 फरवरी, 2024 को केंद्रीय विवि में किया गया था। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल पर और 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। सत्र की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने की और इसमें विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो एनसी पांडा और एफटीआईआई के प्रोफेसर अजमल जामी ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। एफटीआईआई की ओर से पाठ्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर अश्विन बी सोनने वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। कुलपति ने ओडिशा केंद्रीय विवि के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ पीके रथ और अतिथि व्याख्याता तेलराम मेहर द्वारा आयोजित 'ओडिशा का सिनेमा' नामक एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रोफेसर सोनने ने संतोष व्यक्त किया कि एफटीआईआई कोरापुट जैसे जनजातीय क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है। पाठ्यक्रम में कुल 38 आदिवासी छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 17 लड़कियां थीं और 11 लड़के थे। प्रोफेसर त्रिपाठी ने फिल्म को 'पांचवां वेद' कहा। उन्होंने एफटीआईआई से कोरापुट विवि में एक क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने को कहा। उन्होंने 'ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर की सुंदरता' पर एक वीडियो प्रतियोगिता की भी घोषणा की।


PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**